CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 07°C

हल्द्वानी, बुधवार 21 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 147 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम: राहुल गांधी पेज 2





ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13)



अशोक राठी (फाइल फोटो)



विद्यावती (फाइल फोटो)



अंजलि (फाइल फोटो)



कार्तिक (फाइल फोटो)



देव (फाइल फोटो)

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -शेष पृष्ठ दो पर

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने कहा: हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोली: निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने फिर किया सदन से बहिर्गमन

- सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न गाए जाने पर गुस्साए रवि

**चेन्नई।** सत्ताधारी द्रमुक के साथ चल रही तकरार के बीच तमिलनाडु विधानसभा के नए साल का सत्र मंगलवार को हंगामेदार तरीके से शुरू हुआ। राष्ट्रगान न गाए जाने पर राज्यपाल आरएन रवि ने एक बार फिर अपना पारंपरिक संबोधन छोड़ दिया और बहिर्गमन कर गए।

राज भवन से बाद में जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि राज्यपाल ने अपना संबोधन इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि इसमें कई अप्रमाणित और भ्रामक दावे थे और कई गंभीर सार्वजनिक मुद्दों की उपेक्षा की गई थी। जब वह सत्रा के लिए राज्य सचिवालय पहुंचे तो राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत हुआ और अध्यक्ष एम. अप्पावु और विधानसभा सचिव एम. श्रीनिवासन ने शॉल और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष के आसन संभालने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, मंत्रियों, विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी और दूसरे सदस्यों से 'तमिल थाई वाज्थु' (मां तमिल की स्तुति) के बाद, राज्यपाल अपना भाषण देने के लिए खड़े हुए। तैयार अभिभाषण पढ़ने के बजाय उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं गाया गया और 'गुस्से' में वह सदन से बाहर चले गए। यह लगातार चौथा वर्ष था, जब राज्यपाल ने ऐसा कदम उठाया है। वर्ष 2023 में अपने अभिभाषण में 'द्रविड़म' शब्द और अन्य नेताओं के संदर्भों को छोड़ने के बाद उन्होंने 2024 और 2025 में भी अपने अभिभाषण की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान न गाए जाने का हवाला देते हुए सदन से वॉक आउट किया था। इसके बाद से सरकार और राज भवन के बीच 'शीतयुद्ध' की स्थिति बनी हुई है। श्री स्टालिन ने बाद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें कहा गया कि सरकार की ओर से तैयार अभिभाषण ही विधानसभा के रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने अभिभाषण का तमिल संस्करण पढ़कर सुनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी। नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के दिनों में कमी चिंताजनक: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही में लगातार कमी और सत्रों के दौरान बढ़ते हंगामे पर चिता जताई है। उन्होंने कहा कि बार-बार व्यवधान के कारण जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपयोगिता पर नकारात्मक असर पड़ता है। मायावती ने लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विधानमंडलों के घटते कार्य समय पर गंभीर मंथन होना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष दोनों से अपील की कि सदनों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल संविधान व लो. कतंत्र के प्रमुख स्तंभ हैं और सरकार/कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने में इनकी भूमिका अहम है।

### जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता: फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डा. अब्दुल्ला ने कहा कि जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं।

# मेले के नाम पर मोटा कमीशन गटकने का खेल शुरू: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुद्दे पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के 'महाभ्रष्ट राज' में मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है।

यादव ने एक्स पर कहा कि मेला 'महाभ्रष्टाचार' की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन 'कमीशन खोरी' के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को कमिश्नर की जगह 'कमीशनर' नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 'मेलाक्षेत्र के संजय का 'धृतराष्ट्र' कौन है', जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया-सुनाया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था संभालने में कठिनाई हुई। इसी दौरान ज्योतिष पीठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भीड़ को देखते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। प्रशासन ने उनसे रथ से उतरकर पैदल चलने का आग्रह किया, लेकिन समर्थकों ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और हल्की झड़प की स्थिति बन गई। जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर संतो के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

### मेला प्राधिकरण ने अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने के प्रमाण

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय की नोटिस का हवाला देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। मेला प्रशासन द्वारा ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य न माने जाने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जवाब भी सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि शंकराचार्य वह है जिसे बाकी अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य मान्यता देते हैं।

# लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में राज्य सरकार ने वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जल्द ही लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम भी लागू किया गया है। हालांकि उन्होंने माना कि जन-जागरूकता की कमी के कारण इन नियमों का अभी तक अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम बनाना और उन्हें लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आम जनता का इन्हें अपने दैनिक जीवन में पालन करना उतना ही जरूरी है। यदि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) से एक्सप्रेसवे पर होल्डिग एरिया और डॉर्मिटरी (विश्राम स्थल) विकसित करने पर विचार करने को कहा है, ताकि लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों को सुरक्षित पार्किंग और ठहरने की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर ट्रॉमा सेंटर की कमी है। मंत्री ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर हर 100 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को निरंतर मिलता रहेगा, जिससे राज्य में संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी बधाई संदेश साझा करते हुए लिखा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में नितिन नबीन अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन के सफल और प्रेरणादाई कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

## रायबरेली मे गरजे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

# मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम

रायबरेली, वार्ता



■ कहा: किसी भी कीमत पर इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा, जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

दो दिवसीय दौरे में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली आए गांधी ने आज सांसद आवास मुंशीगंज में जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब दो करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान राहुल गांधी ने सांसद आवास पर सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वह नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह रोहनिया विकास खंड के उसरन गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में उपस्थित गरीबों, किसानों और मजदूरों से संवाद करते हुए उन्होंने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की उपेक्षा पर सवाल खड़े किए और इस महत्वपूर्ण योजना को समाप्त किए जाने के कथित प्रयासों का विरोध किया। इस दौरान राहुल गांधी के साथ अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### भारत का शहरी ढांचा ढह रहा है: राहुल गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गांधी ने मंगलवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के शहरी ढांचे के पतन का उदाहरण बताया और कहा कि देश में समस्या पैसे, तकनीक या समाधान की नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में युवराज मेहता की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि युवराज मेहता गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे और नोएडा में रहते थे। बीते शुक्रवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क के पास, घर से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर, उनकी कार (ग्रैंड विटारा) एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो बैठी और 20 फीट गहरे पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में युवराज मेहता की मौत हो गई।



सेंसेक्स 82180.47
निफ्टी 25232.50



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी.50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप. 50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप. 100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के शेयरों टूट गए जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2. 89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2. 32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1. 54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

### रुपया सात पैसे टूटा ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया। यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91. 14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है। सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90. 90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी। पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है। रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91. 06 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90. 97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की नरमी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया कुल मिलाकर दबाव में रहा।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 22 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 27 रुपये और वनस्पति 22 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7780.62 रुपये, मसूर काली 8144.53 रुपये, मूंग दाल 10098.71 रुपये, उड़द दाल 10426. 77 रुपये, तुअर दाल 10631.73 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.95 रुपये और चावल 3853.58 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4292.83 रुपये और गुड़ 4986.12 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17571. 24 रुपये, मूंगफली तेल 17930.50 रुपये, सूरजमुखी तेल 16006.83 रुपये, सोया तेल 13783.71 रुपये, पाम ऑयल 12473.39 रुपये और वनस्पति 14464. 97 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# दस फरवरी के बाद भी नहीं रद्द होगी उड़ान, इंडिगो ने डीजीसीए को बताया

**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों की तैनाती में 'कुप्रबंधन' के कारण पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करने वाली निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को बताया है कि उसके पास 10 फरवरी तक पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध होंगे और 10 फरवरी के बाद उड़ानें रद्द नहीं होंगी। डीजीसीए में पिछली साप्ताहिक बैठक के दौरान इंडिगो ने सोमवार को बताया कि उड़ानों की मौजूदा मंजूर संख्या के लिए डीजीसीए की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित छूट हटा लेने के बावजूद 10 फरवरी को पायलट की उपलब्धता को देखते हुए उड़ानें रद्द नहीं होंगी। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एयरबस के 2,400 कमांड पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,280 पायलट की है। एयरबस के 2,240 को-पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,050 पायलट की है। विमानन नियामक ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडिगो ने डीजीसीए को आश्वस्त किया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं होगी। उसने कहा कि दिसम्बर में हुए संकट के बाद इंडिगो को छह दिसम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित दो नियमों में विशेष छूट दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

# खड़गे ने खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें फंटियर गांधी के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बाचा खान को शांति का प्रकाशस्तंभ बताया और कहा कि उनका जीवन और कार्य भारत तथा दक्षिण एशिया भर में लाखों लोगों को लगातार प्रेरित करता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता खान अब्दुल गफ्फार खान को शांति और अहिसा के आजीवन समर्थक के रूप में याद किया गया। श्री खरगे ने भारत की आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान और मानव गरिमा तथा सद्भाव के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को स्मरण किया। श्री खरगे ने यह भी बताया कि भारत रत्न से सम्मानित गफ्फार खान को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने सिद्धांतों के लिए बार-बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने पश्तून नेता के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रहे और संविधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुए। खड़गे ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि अहिंसा, सद्भाव और मानव गरिमा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती है और हमें उन साझा मूल्यों की याद दिलाती है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, वार्ता


■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंकराचार्य हैं या नहीं

माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अब प्रदेश की भाजपा सरकार खुद यह तय करने पर उतारू हो गई है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंक. राचार्य हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सनातन परंपरा का अपमान है, बल्कि धर्माचार्यों की गरिमा पर सीधा हमला भी है। एक ओर जगद्गुरु शंकराचार्य को नोटिस भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार और उसके नेता सनातन धर्म के नाम पर बड़े-बड़े भाषण देते नहीं थकते। यह साफ तौर पर सरकार की दो. हरी नीति को उजागर करता है। श्री राय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश और प्रदेश में सत्ता में बैठे लोग खुद को 'हिंदू धर्म का रक्षक' बताते हैं, उसी शासन में एक प्रतिष्ठित धर्माचार्य की पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह रवैया न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि भारतीय परंपराओं के भी खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि धर्म का सम्मान केवल मंचों से भाषण देकर नहीं होता, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धर्म को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जब वास्तविक सम्मान की बात आती है, तो उसका चेहरा बेनकाब हो जाता है। अजय राय ने मांग की कि राज्य सरकार इस पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट करे और धर्माचार्यों के सम्मान से जुड़े किसी भी कदम से पहले सनातन परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं का ध्यान रखे। गौरतलब है कि माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में न्यायालईन आदेशों का हवाला देते हुए शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद का उल्लेख किया गया है और मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आयोजन, शिविर या गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित वाद और पूर्व में पारित आदेशों के तहत विवादित विषय से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन या प्रचार-प्रसार की अनुम. ति नहीं दी जा सकती।

# यूसीसी का एक साल:अब तक मिले 5 लाख आवेदन

## मजबूत सुरक्षा तंत्र से एक भी मामले में नहीं हुआ निजता का उल्लंघन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत बीते एक साल में विभिन्न सेवाओं के लिए कुल पांच लाख से अधिक आवेदन हुए हैं, लेकिन एक भी मामले में निजता उल्लंघन की शिकायत नहीं आई है। इस तरह उत्तराखंड समान नागरिक संहिता, नागरिकों की निजी जानकारियां सुरक्षित रखने के अपने संकल्प पर शत प्रतिशत खरा उतरी है। यही नहीं ऑनलाइन आवेदन में पूरी प्रक्रिया फेसलेस होने से भी किसी की भी पहचान सार्वजनिक होने का खतरा नहीं है।

उत्तराखंड समान नागरिक सं. हता, लगभग शत प्रतिशत आवेदन यूसीसी पोर्टल के जरिए हो रहे हैं। इसमें आवेदक घर बैठे ही किसी भी सेवा के लिए आवेदन कर सकता है। इस तरह उन्हें किसी भी सरकारी कार्यालय या अधिकारी के सामने उपस्थित होने की जरूरत नहीं है।

इसके साथ ही पोर्टल में नागरिकों की निजी जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं, यहां तक कि ऑनलाइन आवेदन यदि एक बार सक्षम स्तर के अधिकारी स्तर से मंजूर हो गया तो फिर, संबंधित अधिकारी भी आवेदन की निजी जानकारी नहीं देख पाता है। आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई निजी जानकारी तक सिर्फ आवेदक की ही पहुंच है, जो जरूरी वैरिफिकेशन प्रक्रिया के जरिए इसे देख सकता है। यही कारण है कि बीते एक साल में निजता उल्लंघन की एक भी शिकायत नहीं आई है। जबकि अब लोग विवाह पंजीकरण के साथ ही विवाह विच्छेद, वसीयत पंजीकरण, लिव इन पंजीकरण से लेकर लिव इन रिश्ते समाप्त करने तक के लिए यूसीसी प्रावधानों का प्रयोग कर रहे हैं। दूसरी तरफ औसत पांच दिन में प्रमाणपत्र मिलने से लोगों का समय भी बच रहा है।

समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ लोगों ने शुरुआत में नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया। विगत एक साल में यूसीसी क्रियान्वयन ने ऐसे सभी लोगों को जवाब दे दिया है। समान नागरिक संहिता नागरिकों की निजता का शत प्रतिशत पालन करने में सफल रही है। साथ ही पूरे प्रदेश में जितनी सरलता से इस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है, वो अपने आप में गुड गर्वनेंस का उदाहरण है।



### उत्तराखंड में 27 जनवरी को मनाया जाएगा यूसीसी दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 को यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हुआ था। 27 जनवरी 2026 को उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी लागू हुए पूरा एक साल हो जाएगा इस मौके पर धामी सरकार प्रदेश भर में बृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

राजधानी देहरादून में 27 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हालांकि 27 जनवरी से एक हफ्ते पहले ही 21 जनवरी से ही प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो जाएगा। समान नागरिक संहिता दिवस के अवसर पर जिलों में एक हफ्ते तक तमाम कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विशेष सचिव निवेदिता कुकरेती ने बताया कि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हुए एक साल का वक्त पूरा होने जा रहा है। ऐसे में 27 जनवरी को राजकीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को एक हफ्ते का कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दे दिए गए है। इसी तरह प्रदेश में एक मुख्य कार्यक्रम भी देहरादून में आयोजित किया जाएगा। 27 जनवरी को हिमालय संस्कृति केंद्र में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में यूनिफॉर्म सिविल कोड की यात्रा से संबंधित फोटो गैलरी लगाई जाएगी। समान नागरिक संहिता दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत, तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा और उन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 27 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में चित्रकला, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन और फाइनल डिस्कशन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# हाईकोर्ट से चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी को राहत, गिरफ्तारी पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी को बड़ी राहत दी है। हाल ही में उन्होंने देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था, जिसके कारण उनके खिलाफ सात में से पांच मुकदमे दर्ज हुए थे। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए शीतआवकाशकालीन न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने ज्योति अधिकारी से यह भी कहा कि वे सोशल मीडिया पर की गई आपत्ति. जनक पोस्ट्स को तुरंत हटा दें, ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। यह विवाद तब पैदा हुआ था जब ज्योति अधिकारी ने अंकिता भण्डारी हत्या मामले के दौरान प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल किया था। इसके परिणामस्वरूप सात मुकदमे दर्ज हुए, जिनमें से दो मामलों में उन्हें



जेल की सजा भी हुई थी। हाईकोर्ट में सरकार ने यह दावा किया कि ज्योति अधिकारी ने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जानबूझकर आपत्तिजनक शब्द कहे थे, जिससे पहाड़ की महिलाएं आहत हुईं। वहीं, याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्होंने सभी आपत्तिजनक पोस्ट्स हटा दी हैं और बाकी पोस्ट्स भी जल्द हटा दी जाएंगी। मामले के अनुसार, ब्लॉगर हल्द्वानी निवासी ज्योति अधिकारी के द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया और देहरादून में धरना प्रदर्शन करते वक्त देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ हाथ में दरांती लेकर गलत भाषा का चयन करके कथित रूप से अपमानजनक शब्द बोले गए. जिससे काफी विवाद उत्पन्न हो गया था. उनके द्वारा कहे गए शब्दों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई. इससे क्षुब्ध होकर उनके खिलाफ हल्द्वानी समेत कई जगहों पर सात मुकदमे दर्ज हुए. जिनमें से उनको दो मुकदमों में जेल भी जाना पड़ा. बाकि, पांच मुकदमों में 20 जनवरी को उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि, उनके द्वारा देवी देवताओं और पहाड़ की महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्द अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए कहे गए. जिससे पहाड़ की महिलाएं आहत हुई. एक ब्लॉगर को ऐसे शब्द नहीं कहने चाहिए, जिससे किसी की आत्मा और भावनाओं को ठेस पहुंचे.

याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया से ये पोस्ट हटा दी गई है. अन्य जो हैं, उन्हें भी हटा दिया जाएगा. 2 मुकदमों में वे 6 दिन की जेल की सजा काट चुकी हैं. इसलिए अन्य पांच केसों में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए।

## सोनानदी रेंज में मिला हाथी के बच्चे का शव

**कोटद्वार।** सोनानदी रेंज के अंतर्गत कालागढ़ पश्चिमी बीट, नलकट्टा ब्लाक, कक्ष संख्यादृ8 के क्षेत्र में नदी में एक हाथी के बच्चे का शव बहते हुए नीचे आया, जो नदी किनारे दुर्गम क्षेत्र में फँसा हुआ था। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची एवं स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में हाथी के बच्चे की आयु लगभग 3-4 वर्ष आंकी गई। घटनास्थल के आसपास किसी भी प्रकार की अवैध शिकार अथवा संदिग्ध गतिविधि के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए रेंज अधिकारी सोनानदी राजेन्द्र चकरायत व अन्य क्षेत्रीय वन अधिकारियों तथा पशु चिकित्साधिकारियों को मौके पर बुलाया गया।

डॉ दुष्यंत शर्मा एवं डॉ राहुल सती द्वारा चिकित्सकीय पोस्टमार्टम किया गया तत्पश्चात नियमानुसार शव का सुरक्षित निस्तारण किया गया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है एवं वन्यजीव संरक्षण तथा मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# दूसरे राज्यों में सांसद निधि लुटाना जनता से धोखा: गोदियाल

**भाजपा सांसदों ने सांसद निधि दूसरे राज्यों में खर्च की, कांग्रेस ने उठाए सवाल**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के गांव आज भी पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के सांसद अपनी सांसद निधि का बड़ा हिस्सा दूसरे राज्यों में खर्च कर रहे हैं, ये खुली लूट है और इसका हिसाब उनको देना होगा यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का।

गोदियाल के अनुसार सूचना के अधिकार से सामने आई जानकारी के अनुसार भाजपा सांसदों ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में ट्यूबवेल, स्कूल, सामुदायिक भवन, सड़क और जल निकासी जैसे कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए, जबकि उत्तराखंड के गांव आज भी विकास



से वंचित हैं। यह उत्तराखंड की जनता के साथ खुला विश्वासघात है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि "उत्तराखंड के लोग पूरे देश में रहते हैं यह तर्क देकर भाजपा सांसद अपने कर्तव्यों से भाग नहीं सकते। उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हें सांसद उत्तराखंड की जनता ने चुना है, किसी और राज्य की नहीं।" गोदियाल ने कहा कि देहरादून, टिहरी, अल्मोड़ा, पौड़ी, चमोली जैसे क्षेत्रों में आज भी सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा बदहाल है, लेकिन भाजपा सांसदों की प्राथमिकता उत्तराखंड नहीं, बल्कि राजनीतिक हित हैं। कांग्रेस मांग करती है कि, सांसद निधि का पूरा उपयोग उत्तराखंड के विकास के लिए किया जाए। जनता के साथ हुए इस विश्वासघात पर भाजपा सांसद जवाब दें। केंद्र सरकार सांसद निधि के दुरुपयोग की जांच कराए। गोदियाल ने कहा उत्तराखंड की देवतुल्य जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब जरूर देगी।

### कणवाश्रम महोत्सव शुरू

**कोटद्वार ।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत झंडाचौक में मेयर शैलेन्द्र सिंह ने द्वारा कण्वाश्रम महोत्सव का शुभारंभ हरीझंडी दिखाकर किया। मंगलवार को कण्वाश्रम महोत्सव के शुभारंभ पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया जिसकी सलामी मेयर कोटद्वार शैलेन्द्र सिंह रावत द्वारा ली गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र रावत ने कहा कि प्रभातफेरी के माध्यम से बच्चों द्वारा हमारी विरासत, ऋषि परंपरा एवं सामाजिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।यह आयोजन न केवल कण्वाश्रम महोत्सव के भव्य शुभारंभ का प्रतीक है।

# शिक्षा विभाग में पदोन्नति के बाद अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**संयुक्त निदेशक पद पर 5 तो उप निदेशक पद पर 4 अधिकारी पदोन्नत, विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने तैनाती प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत पांच अधिकारियों को पदोन्नति के उपरांत संयुक्त निदेशक पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी से पदोन्नत हुये चार अधिकारियों को उप निदेशक पद पर नई तैनाती दी गई है।

जबकि विभन्न जनपदों में तैनात संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारियों को विभिन्न रिक्त पदों के सापेक्ष अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस संबंध में शासन के तैनाती प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संस्तुति दे दी है।शिक्षा विभाग मे पिछले दिनों उप निदेशक स्तर के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को डीपीसी के उपरांत पदोन्नति दी गई थी। जिनमें अत्रेश सयाना, आशुतोष भण्डरी, नागेन्द्र बर्त्वाल, कमला बड़वाल, हरक राम कोहली शामिल थे। पदोन्नति के बाद शासन ने सभी को नई तैनाती दे दी है। जिसमें अत्रेय सयाना को मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी, अशुतोष भण्डारी व नागेन्द्र बर्त्वाल को संयुक्त निदेशक (प्राथमिक) शिक्षा निदेशालय, कमला बड़वाल को मुख्य शिक्षा अधिकारी टिहरी व हरक राम कोहली को मुख्य शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा की जिम्मेदारी दी है।

जबकि प्राचार्य डायट गोपेश्वर आक. ाश श्रीवास्तव को मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार प्राचार्य डायट रूद्रप्रयाग सी.पी. रतूण्ड़ी को सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, तरूण पंत जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) पिथौरागढ़ को मुख्य शिक्षा अधिकारी पिथौरागढ़ व अमित कोठियाल जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) उत्तरकाशी को मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद से पदोन्नत चार अधिकारियों को उप निदेशक पद पर नई तैनाती दी गई है। जिसके तहत नरेश कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरिद्वार के पद पर तैनाती के साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जबकि अमित कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) हरिद्वार, हिमांशु नौगांई को जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) पिथौरागढ़, तथा अंशुल बिष्ट को जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) पौड़ी का दायित्व सौंपा गया है। विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शासन द्वारा प्रस्तुत अधिकारियों के तैनाती प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है साथ ही उन्होंने तैनाती आदेश शीघ्र जारी कर के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

शिक्षा विभाग में अधिकारियों एवं शिक्षकों को ससमय पदोन्नति देने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत हाल ही में सम्पन्न डीपीसी के उपरांत आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों को पदोन्नति के बाद नई जिम्मेदारी दी गई है। इन अधिकारियों की तैनाती से विभागीय कार्यों को गति मिलने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। –

**डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड।**



# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्य में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा : भट्ट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा परिवार ने नितिन नबीन के नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जश्न मनाया है। खुशी के इस मौके पर कार्यकर्ताओं के नाम भेजे अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि नबीन का नेतृत्व, कार्यकर्ताओं में युवा जोश और चुनावी जीत की नई इबारत का सृजन करेगा।

जीत का यह सिलसिला, 27 के उत्तराखंड चुनाव में भी विजयी हैट्रिक के साथ कायम रहेगा।राजधानी के बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा 12 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने पर एकदूसरे को



मिष्ठान खिलाकर बधाई का आदान प्रदान किया। उन्होंने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन के नेतृत्व में भाजपा को नई ऊंचाई पर ले जाने का विश्वास जताया। महेंद्र भट्ट ने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए पार्टी के नई ऊंचाई छूने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि जहां कार्यकर्ता अपने पुरुषार्थ और नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी के शीर्ष पर पहुंच सकता है। उनकी राजनीतिक यात्रा का अनुभव एवं कौशल करोड़ों कार्यकर्ताओं और वैचारिक समर्थकों में नए उत्साह का सृजन करेगा। नबीन के नेतृत्व में भाजपा 2027 में हैट्रिक लगाएगी। पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के साथ प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, सरकार में दायित्वधारी मुकेश कुमार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, बलजीत सोनी, डॉ दिव्या नेगी, शकुंतला, चंडी प्रसाद बेलवाल, हरीश चमोली, अनूप रावत समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजद थे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

**गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय के पास हुआ हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस ने चलाया रेस्क्यू अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़:** गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर ग्राम बोयल जनपद पिथौरागढ़ में एक स्विफ्ट कार संख्या यूके-05 टीए-5117 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग एक किमी नीचे खाई में नीचे में गिर गयी।

इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कैलाश जोशी व एस आई नरेंद्र पाठक के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची व रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।ग्रामीणों की मदद से कार में सवार शिवनाथ पुत्र प्रेम नाथ उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी बोयल को खाई से निकालकर 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोलीहाट भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाते लाते शिवनाथ पुत्र प्रेमनाथ की मौत हो गई। चालक भोपाल सिंह पुत्र शेर सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम बोयल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में वाहन के परखच्चे उड़ गए। पुलिस दोनों लोग स्थानीय चौपाता कस्बे से अपने घर बोयल की ओर जा रहे थे। घर पहुंचने से पूर्व ही यह दुर्घटना घट गई।

गंगोलीहाट कोतवाल कैलाश चंद्र जोशी ने बताया पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोलीहाट पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

# प्रदेश के बजट का 30 फीसदी हो महिलाओं के लिए : रेखा आर्या

**बजट से पहले मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दिया सुझाव**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के बजट का 30 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित करने का सुझाव दिया है। इस बारे में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में लगभग दो दशक से जेंडर बजटिंग की व्यवस्था लागू है, लेकिन शुरू में इसमें बजट का



कम हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 5 साल में हर बार जेंडर बजट को बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सही अर्थों में सशक्त बनाने और आर्थिक-सामाजिक रूप से उनके हाथ मजबूत करने के लिए ज्यादा धन की आवश्यकता है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि आगामी बजट में महिला केंद्रित योजनाओं के लिए 30 फीसदी धन आरक्षित किया जाना चाहिए और हर विभाग में इस नीति का अनुपालन भी निश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि उत्तराखंड में जेंडर बजटिंग पिछले 5 वर्षों (2021-22 से 2025-26) में कुल बजट का औसतन 14-16 फीसदी हिस्सा रहा है 2021-22 में लगभग 12 फीसदी था, जो 2022-23 में फीसदी पहुंचा। 2023-24 में जेंडर बजट 14 फीसदी के आसपास रहा, जबकि 2024-25 में 16 फीसदी आवंटित हुआ। 2025-26 में कुल 1,01,175 करोड़ के बजट में जेंडर बजट का हिस्सा करीब 17 फीसदी था।

# पद्म भूषण डॉ. जोशी पर लगा वन भूमि कब्जाने का आरोप

**इसरो, भुवन और गूगल अर्थ के उपग्रह साक्ष्य बने आधार ,एडवोकेट संदीप चमोली ने की विभाग को शिकायत ,वन विभाग ने बनाई टीम, आज होगी जांच**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून वन प्रभाग के अंतर्गत आर्केडिया बीट, आशारोड़ी रेंज स्थित आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर एक अत्यंत गंभीर शिकायत सामने आई है।

शिकायतकर्ता संदीप मोहन चमोली की ओर से प्रभागीय वन अधिकारी, देहरादून को दिए गए शिकायती पत्र में देश के चर्चित पर्यावरणविद्, पद्म भूषण (2020) एवं पद्मश्री (2006) से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी पर आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर संस्थान संचालन, भवन और सड़क निर्माण जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत में आरोप है कि डॉ. जोशी की और से स्थापित संस्था हिमालयी पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन (हेस्को) के नाम पर वर्षों से वन कानूनों की अनदेखी करते हुए संरक्षित वन क्षेत्र का निरंतर उपयोग और विस्तार किया गया।



आशारोड़ी रेंज के अंतर्गत आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग के साथ संयुक्त स्थलीय सर्वेक्षण का निर्णय लिया गया है। 21 जनवरी 2026 को निर्धारित समय पर संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण किया जाएगा। यदि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण पाया जाता है, तो वन अधिनियम के तहत सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। वन भूमि का संरक्षण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है...

**नीरज कुमार ,प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग।**

## उपग्रह साक्ष्यों से खुली परतें

शिकायत के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के भुवन पोर्टल तथा गूगल अर्थ के वर्ष 2011, 2013, 2024 और 2025 के तुलनात्मक उपग्रह चित्र संलग्न किए गए हैं। इन चित्रों में स्पष्ट रूप से यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार समय के साथ आरक्षित वन क्षेत्र के भीतर हेस्को परिसर, भवन संरचनाएं और सड़कें विकसित होती गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि उपग्रह मानचित्रों में दर्शाया गया निर्माण वास्तव में अधिसूचित वन भूमि के भीतर पाया जाता है, तो मामला केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि गंभीर आपराधिक वन अपराध की श्रेणी में आता है।

## कानूनी विश्लेषण: किन धाराओं के तहत बनता है मामला?

**देहरादून।** वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धाराख्2 के अनुसार मामला बनता हैं। जिसमें कहा गया है कि, किसी भी आरक्षित या संरक्षित वन भूमि का गैर-वन प्रयोजन हेतु उपयोग, निर्माण, सड़क, भवन या संस्थागत गतिविधि केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना अवैध है। शिकायत में कहीं भी केंद्र सरकार की अनुमति का उल्लेख नहीं है। यदि अनुमति नहीं ली गई, तो यह सीधा उल्लंघन है। वहीं भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 और 33 के तहत, आरक्षित वन में अनधिकृत कब्जा, निर्माण, भूमि उपयोग परिवर्तनदंडनीय अपराध है। इसमें जुर्माना, कारावास, अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण तक का प्रावधान है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, यदि पर्यावरणीय स्वीकृति के बिना निर्माण हुआ है, तो, अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत 5 वर्ष तक की सजा या जुर्माना अथवा दोनों संभव हैं।सुप्रीम कोर्ट ने टी.एन. गोदावर्मन बनाम भारत संघ सहित अनेक मामलों में स्पष्ट किया है कि: "वन भूमि पर किसी भी प्रकार की गतिविधि, चाहे वह सामाजिक, शैक्षणिक या पर्यावरणीय संस्था द्वारा ही क्यों न की जा रही हो, केंद्र सरकार की अनुमति के बिना अवैध मानी जाएगी।" इस दृष्टि से देखें तो संस्था का उद्देश्य कानून के उल्लंघन का बचाव नहीं बन सकता।

## अंकिता भंडारी प्रकरण से भी जुड़ा रहा नाम

**देहरादून।** डॉ. अनिल प्रकाश जोशी हाल ही में अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े एक अन्य प्रकरण में भी चर्चा में आए थे, जब उनकी शिकायत पर सीबीआई जांच होने की बात सामने आई थी।



## सीएम धामी ने की भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# शहीद हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया को दी अंतिम विदाई



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जनपद के सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त स्पेशल फोर्सेज के हवलदार, बागेश्वर जनपद के कपकोट तहसील अंतर्गत बीथी निवासी गजेंद्र सिंह गढ़िया के बलिदान से पूरे जनपद में शोक की लहर व्याप्त है।

मंगलवार को शहीद सैनिक का पार्थिव शरीर सैन्य हेलीकॉप्टर के माध्यम से उनके गृह जनपद बागेश्वर के कपकोट लाया गया। पीजी कॉलेज ग्राउंड में हभारत माता की जय एवं शहीद गजेंद्र सिंह अमर रहें के गगनभेदी नारों के बीच उनके माता-पिता, पत्नी, परिजन, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान सेना की टुकड़ी 19 सिख रेजिमेंट द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। सैन्य अधिकारियों ने शहीद के अदम्य साहस और राष्ट्र सेवा को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। शहीद का अंतिम संस्कार सरयू-खीरगंगा संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। अंतिम विदाई के समय शहीद के पिता धन सिंह, माता चंद्रा देवी, पत्नी लीला देवी एवं अन्य परिजनों की आंखें नम थीं। वहीं पूरे बीथी गांव सहित क्षेत्रवासियों ने गर्व के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। लोगों ने कहा कि शहीद हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे, पैरा लेफ्टिनेंट कर्नल हरी लुइस, विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह विष्ट, उपजिलाधिक. ारी अनिल चनयाल, सैनिक कल्याण अधिकारी विजय मनराल सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सेना के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# तेंदुए ने किया बाइक सवार पर हमला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे काशीपुर क्षेत्र में तेंदुओं की बढ़ती आवाजाही ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आये दिन क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी से लोग दहशत में रहते हैं। सोमवार देर रात कुण्डेश्वरी क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मनगर ग्राम में एक व्यक्ति पर तेंदुए ने पीछे से उस समय हमला कर दिया, जब वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर जा रहा था।

इस दौरान उसके पीछे आ रहे लोगों ने शोर मचाया तो वह उसे छोड़कर गन्ने के खेत में घुस गया। वन विभाग के अनुसार शहर और आसपास के इलाकों में नौ से अधिक तेंदुए सक्रिय हैं। इसके अलावा अब तक चार को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जा चुका है। लगातार पालतू और लावारिस कुत्तों को शिकार बनाए जाने की घटनाओं के बाद वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और समूह में बाहर निकलने की सलाह दी है। बच्चों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। गोविषाण टीला, चैती मंदिर क्षेत्र, कुंडेश्वरी रोड, साईधाम कॉलोनी, जसपुरखुर्द और मानपुर सहित कई इलाकों में तेंदुओं के दिखने की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं।

शाम ढलते ही तेंदुओं की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई क्षेत्रों में लोगों ने बच्चों को अकेले बाहर भेजना बंद कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से तेंदुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़े जाने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने गोविषाण टीला क्षेत्र के पास पिंजरे लगाकर अब तक चार तेंदुओं को पकड़कर फाटो रेंज के जंगल में छोड़ा है। अन्य तेंदुओं की पकड़ के लिए प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त पिंजरे लगाए गए हैं और गश्त बढ़ा दी गई है।

## एक नजर....

### दुग्ध उत्पाद प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया

**पंतनगर।** कृषि विश्वविद्यालय की फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत भीमताल ब्लॉक के सूर्यजाला गांव की महिला किसानों को दुग्ध उत्पाद प्रसंस्करण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग में आयोजित प्रशिक्षण में पनीर, पेड़ा, बर्फी आदि के वैज्ञानिक निर्माण, विपणन लाभ एवं गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारियों ने महिला किसानों को भविष्य में ऐसे प्रशिक्षणों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा प्याज के बीज भी वितरित किए।

### दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर 23 से

**बागेश्वर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ये शिविर 23 एवं 28 जनवरी, 2026 को नुमाइशखेत मैदान में प्रातः 11 बजे से आयोजित होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर ने बताया कि शि. विरों में सामान्य दिव्यांगजनों के साथ-साथ मानसिक एवं ईएनटी (नाक, कान, गला) से संबंधित दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित शिविर में ईएनटी, हड्डी एवं नेत्र रोग से संबंधित दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे, जबकि 28 जनवरी को आयोजित शिविर में मानसिक दिव्यांगता, हड्डी रोग एवं नेत्र रोग से संबंधित प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

### गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया

**अल्मोड़ा।** नगर समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। नगर के रानीधारा मोहल्ले में वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। साथ ही टीम नियमित गश्त कर रही है। दरअसल, इन दिनों नगर के रानीधारा वार्ड में आए दिन गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रिहायशी इलाकों में एकाएक गुलदार दिखाई देने से जहां एक ओर लोग रात के समय कोई बाहर नहीं निकल रहा है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना हुआ है। इधर, अब गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने रानीधारा में गुलदार को पिंजरा लगा दिया है। साथ ही गश्त कर लोगों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि, गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी। गुलदार का सुराग नहीं लगने लोगों में डर का माहौल है। इधर, नगर के रानीधारा के अलावा, तल्ला जोशीखोला, सिमकनी, खत्याड़ी, रानीधारा, जाखनदेवी समेत कई इलाकों में गुलदार का खौफ बना हुआ है। स्थिति यह है, कि मोहल्ले वासी पांच-छह बजे ही घरों के भीतर चले जा रहे है।

### लंबित मामलों का समयबद्ध हो निस्तारण: डीएम

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को कपकोट तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को आदेश दिया कि सहायक उप निबंधक सप्ताह में दो दिन तहसील में बैठकर जनसमस्याओं का समाधान करें। डीएम ने दाखिल-खारिज प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने और राजस्व संबंधी सेवाओं में डिजिटलीकरण बढ़ाने की बात भी की। इसके अलावा, ई-भूलेख, ई-परमिशन जैसे ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से सेवाओं को आसान बनाने पर जोर दिया। कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए डीएम ने लैंडलाइन फोन बंद पाए जाने पर नाराजगी जताई और इसे तुरंत सुचारु करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, तहस. ीलदार नितिशा आर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सनातन सेवा ट्रस्ट ने किया सुन्दरकांड

**काशीपुर।** अखिल भारतीय महाकाल सनातन सेवा ट्रस्ट की तरु से तृतीय भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें एआईसीसी सदस्य और कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने दीप प्रचलित कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बुलंद करने के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इसके बाद सुंदर कांड का पाठ किया गया। अंत में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कमेटी के संस्थापक देवराज वर्मा ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजेश यादव, राकेश भगत, महेंद बेदी, दीपचंद जोशी, विजय वीर सिंह, राजेश चित्तौड़िया, दीपक सक्सेना, लखविंदर सिंह, वीरपाल, नीलकमल शर्मा, मुकेश पाल, ऋषि पाल, अनवीर सिंह, अर्जुन सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर ब्रिज किशोर, हेमराज चौहान, नितिन चौहान आदि उपस्थित रहे।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**काशीपुर।** अज्ञात कारणों के चलते 21 वर्षीया विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला खत्म कर डाली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को सोमवार शाम सूचना मिली कि जैतपुर रोड निवासी 21 वर्षीया साधना पत्नी अमन सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में पंखे के कुंडे में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस पर तहसीलदार पंकज चंदोला, कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी और चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट मौके पर पहुंचे। परिजनों के मुताबिक, करीब दो साल पहले ही साधना की शादी हुई थी। बाजपुर के बन्नाखेड़ा में उसका मायका है। तहसीलदार चंदोला ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया था, लेकिन उन्हें समझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### किसान सुखवंत सिंह की अंतिम अरदास में महापौर ने सौंपा सीएम का शोक संदेश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** किसान सुखवंत सिंह की आत्मिक शांति के लिए आज उनके निवास स्थान पर अंतिम अरदास एवं भोग का आयोजन किया गया, जिसमें



बड़ी संख्या में किसान, जनप्रति. निधियों व सिख संगत ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर दीपक बाली ने मृतक सुखवंत को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया शोक संदेश भी उनके परिजनों को सौंपा। श्री बाली ने कहा कि राज्य सरकार दिवंगत सुखवंत के परिजनों के साथ मजबूती से खड़ी है और दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने के लिए हर आवश्यक कदम आगे बढ़ा रही है। अंतिम अरदास में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पीसीयू चैयरमेन राम मेहरोत्रा, हरिंदर सिंह लाडी, अनुपम शर्मा, जगजीत सिंह हैप्पी, गगन काम्बोज, देवेंद्र अरोरा, हरदेव सिंह हैरी, जगतार सिंह बाजबा, जसपाल जस्सी, गुरमुख सिंह, यूकेडी के नेता एवं भारी संख्या में किसान नेता आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने डीनापानी खेल मैदान का किया स्थलीय निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने मंगलवार को डीनापानी खेल मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान के समग्र विकास, विस्तारीकरण और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत चर्चा की। कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्टेडियम का निर्माण उनका लक्ष्य हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि डीनापानी खेल मैदान को एक बेहतर, मानक अनुरूप एवं आधुनिक क्रिकेट मैदान के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत क्रिकेट फील्ड के विकास के साथ-साथ खिलाड़ियों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। जिससे स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो। उन्होंने मैदान के आसपास उपलब्ध भूमि का भी निरीक्षण किया। गया। निर्देश दिए कि विस्तारीकरण के लिए आसपास कितनी भूमि उपलब्ध है, उसका पूर्ण व तथ्यात्मक आकलन किया जाए। उपलब्ध राजस्व भूमि का स्पष्ट चिन्हांकन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में पार्किंग, पवेलियन, दर्शक दीर्घा, खिलाड़ियों के विश्राम कक्ष, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं के निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो। कहा कि खेल अधोसंरचना के विकास के लिए खेल मंत्रालय और बीसीसीआई और आईसीसी से सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं पर भी कार्य किया जाएगा, ताकि डीनापानी खेल मैदान को एक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक खेल परिसर के रूप में विकसित किया जा सके।

# रिस्की मामलों की विशेष निगरानी के निर्देश

## रेफरल कमेटी की बैठक में डीएम ने डिलीवरी से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने को कहा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में अस्पतालों से रेफर हुए मामलों की समीक्षा करने के लिए गठित रेफरल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर किए गए मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिक. ारी ने निर्देश दिए कि विशेष रूप से डिलीवरी से जुड़े मामलों में अत्यधिक संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य किया जाए और सभी गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की संभावित तिथि से कम से कम एक माह पूर्व से नियमित मॉनिटरिंग की जाए। ब्लॉक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्र में गर्भवती





महिलाओं की कुल संख्या का विश्लेषण कर 7 से 9 माह की गर्भावस्था वाली महिलाओं की सम्भावित डिलीवरी तिथि का अद्यतन डेटा उपलब्ध रखा जाए। जिलाधिकारी ने आशा एवं एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, नियमित भ्रमण तथा हाई रिस्क की संभावना वाले मामलों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया, ताकि किसी भी संभावित जटिल केस से पूर्व स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह तैयार रह सकें। बैठक में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) एवं मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) से संबंधित डेटा तैयार करने, रेफर किए गए मरीजों के फालोअप स्टेटस की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी मृत्यु की स्थिति में एक्सपर्ट पैनल से जांच कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अरविंद पांगती, पीएमएस जिला चिकित्सालय डा. एचसी गड़कोटी सहित सभी साम. ुदायिक केंद्रों के प्रभारी वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

# यूकेडी का विस्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल बागेश्वर ने संगठन का विस्तार किया। संगठन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में जिलाध्यक्ष ने तीनों ब्लाकों में कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया कि संगठन ने गिरीश कोरंगा ब्लाक अध्यक्ष गरुड़, ललित जनौटी ब्लाक अध्यक्ष कठपुड़िया छीना, कैलाश पांडे नगर अध्यक्ष बागेश्वर, मयंक चौबे विधान सभा प्रभारी बागेश्वर, पूरन सिंह मेहता जिला महामंत्री बागेश्वर, दीप जोशी जिला सोशल मीडिया प्रभारी, कृष्णा बिष्ट युवा ब्लाक अध्यक्ष कठपुड़िया छीना बागेश्वर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि संगठन का कुनबा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। राज्य एवं जिले के लोग राष्ट्रीय पार्टियों से ऊब चुके हैं। दोनों पार्टियों ने यहां की जनता को लगातार ठगने के काम किया है।

# मारपीट करने व दुकान से नकदी लूटने का आरोप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** मारपीट व परचून की दुकान में तोड़फोड़ कर हजारों की नगदी निक. ालने समेत जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पति-पत्नी का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में मौहल्ला खालसा निवासी मयंक वर्मा पुत्र स्व. रामऔतार वर्मा ने बताया कि उसकी घर में ही परचून की दुकान है। बीती 18 जनवरी की रात्रि 10.50 के करीब वह अपनी दुकान बंद कर रहा था तभी अभिषेक वर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार वर्मा निवासी श्यामखेत भवाली नैनीताल व हाल निवासी आनन्दम् कालोनी जसपुर खुर्द व मौहल्ला पक्काकोट निवासी अश्वनी सैनी पुत्र गोपाल सैनी उसके घर में घुस कर हाथापाई करते हुए दुकान का सामान तोड़फोड़ करने लगे तथा जान से मारने की नियत से गाली-गलौच करने करते हुए गल्ले से रखे करीब 15 से 20 हजार रुपये निकाल लिए। बताया कि जब उसकी पत्नी ललीता वर्मा जो बचाव की मन्शा से आई उस पर मारपीट व धक्का-मुक्की की। शोर को सुनता देखपरिवार के अन्य लोगों को आता देख दोनों धमकी देकर भाग गए। इसकी सूचना कटोराताल पुलिस चौकी में देने पर पुलिसकर्मियों ने उसका व उसकी पत्नी का मेडिकल कराया। उसने बताया कि उक्त दोनों पेश से वकील है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेशनल रोड सेफ्टी 2026 के अंतर्गत एमडीएस अल्मोड़ा (माउंटेन ड्राइविंग स्कूल आईटीबीपी) में आईटीबीपी अल्मोड़ा के तत्वाधान में आरटीओ अल्मोड़ा के साथ समन्वय से संयुक्त शपथ समारोह एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अल्मोड़ा युक्ता मिश्र द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, अल्मोड़ा पुलिस, यातायात पुलिस, आईटीबीपी, भारतीय सेना, एसएसबी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संच.



ालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता एवं प्राथमिक उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में सुरक्षित वाहन संच. ालन को लेकर हिल ड्राइविंग डेमो का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानक. ारी प्राप्त हुई। अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कमांडेंट आईटीबीपी पुनीत सचदेवा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना एवं सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना रहा। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक जीडी जोशी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रश्मि भट्ट सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# घर में ही कब्र खोदकर शव के दफन को प्रशासन ने रुकवाया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** 70 वर्षीय वृद्ध की बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी। उनकी आखिरी इच्छा पूरी करने को परिवार घर में ही कब्र खोदने में जुट गया। एसडीएम के



निर्देश पर पहुंची पुलिस के समझाने पर परिवार शव को कब्रिस्तान में दफनाने के लिए राजी हो गया। मौहल्ला नई बस्ती निवासी 70 वर्षीय अबरार नूरी पुत्र सखावत हुसैन की बीमारी के चलते मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक, वृद्ध ने मरने से पहले घर में ही दफनाने की इच्छा जताई थी। उनकी इच्छा पूरी करने के लिए सोमवार शाम परिजनों ने घर के अंदर ही शव को दफनाने के लिए कब्र खोद दी। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कोतवाल हरेंद्र चौधरी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया कि घर के अंदर संस्कार नहीं किया जा सकता, इसके लिए कब्रिस्तान बनाए गए हैं। कोतवाल ने बताया कि समझाने पर परिजन शव को कब्रिस्तान में दफनाने के लिए राजी हो गए। वहीं सूचना पर तहसीलदार पंकज चंदोला भी मौके पर पहुंच गए थे।

# यूजीसी के 'समानता' विनियम पर उबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के संवर्धन हेतु विनियम, 2026 के विरोध में हल्द्वानी में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। यहां मंगलवार को सामा. जिक संगठनों एवं नागरिक प्रति. निधियों ने इन विनियमों को संविधान विरोधी, सामाजिक न्याय विरोधी और सवर्ण वर्ग पर सीधा हमला बताते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यूजीसी द्वारा लाए गए यह विनियम समानता की आड़ में सवर्ण वर्गों के छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास हैं। यह कदम उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से चले आ रहे





संविधान व सवर्ण विरोधी बताकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

सामाजिक न्याय के संघर्ष को पीछे धकेलने वाला है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि इन विनियमों से उच्च शिक्षा को एक बार फिर मुठ्ठीभर वर्गों तक सीमित कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना व्यापक विमर्श और सामाजिक सहमति के ऐसे विनियम लागू करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन है। ओर यदि इन नियमों का भी गलत उपयोग किया जाएगा तो हो सकता है की इसका सवर्ण वर्ग के छात्रों के भविष्य और शिक्षा पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर उक्त विनियमों को रद्द करने के निर्देश दें। वक्ताओं ने चेता. वनी दी कि यदि इन विनियमों को वापस नहीं लिया गया तो देशभर में छात्र आंदोलन और सामाजिक प्रतिरा. ेध तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय प्रशासन के समक्ष नारेबाजी की गई और यूजीसी के फैसले को वापस लेने की मांग जोरशोर से उठाई गई। ज्ञापन देने वालों मे वरिष्ठ समाज सेवी विशाल शर्मा, भगवंत सिंह राणा, हिमालय शक्ति परिषद से विनोद कुमार शाही, मोहन चंद्र कांडपाल, हल्द्वानी से शिवसेना उप प्रमुख रूपेन्द्र नगर, सतीश चंद्र खुलबे, सुशील भट्ट, विनोद पाठक, हर्ष जोशी, नकुल रावत, नितिन को. हली के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# काशीपुर वासियों को सफाई के प्रति निरंतर जागरुक कर रहे लोक कलाकार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** नुक्कड़ नाटक मंडली के लोक कलाकारों ने तीसरे और चौथे दिन भी नगर के विभिन्न वार्डों में घूम-घूम कर आम जनमानस को सफ़ाई के प्रति सचेत किया। लोगों में नुक्कड़ नाटक के प्रति काफी रुझान देखा जा रहा है और जिस क्षेत्र में भी यह कलाकार जा रहे हैं वहां लोग उत्सुकता के साथ इनकी बात को सुन रहे हैं। लोक कलाकार लोगों को वायु प्रदूषण, सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग रखने, पॉलीथिन और प्लास्टिक का उपयोग न करने कूड़ा केवल कूड़ा गाड़ी में ही डालने और शहर को सफ़ स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक कर रहे हैं। लोक कलाकारों की टीम वार्ड संख्या चार में संघ कार्यालय वाली गली में पहुंची। यहां के बाद वार्ड संख्या 5 में शंकरपुरी चौराहे पर उसके बाद वार्ड संख्या 6





में होली चौक हिम्मतपुर वार्ड 7 में हर प्रताप नगर बहल्ला नदी की पुलिया के पास वार्ड संख्या 8 में पशु क्लिनिक खड़कपुर के पास नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। इसके अलावा वार्ड नंबर 9 में खड़कपुर देवीपुरा में अजय की दुकान के पास, वार्ड संख्या 10 में साप्ताहिक बाजार के निकट दुर्गेश की दुकान के पास, वार्ड 15 में सुभाष नगर में ताराचंद हलवाई रोड पर, वार्ड संख्या 16 में डॉक्टर बीसी जोशी के सामने, वार्ड संख्या 17 में पंडित दीनदयाल पार्क आवास विकास में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। उक्त नुक्कड़ नाटकों के दौरान वार्डों के पार्षद, नगर निगम के कुछ कर्मचारी व वार्डवासी मौजूद रहे।

# पुरस्कार वितरण के साथ उत्तरायणी मेले का समापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। 13 जनवरी से 20 जनवरी तक चले मेले में दिन रात लगातार कलाकारों ने मेले में चार चांद लगाए। समापन बेला पर मुख्य अतिथि विधायक बागेश्वर पार्वती दास, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने मेले में उत्कृष्ट झांकियां एवं स्टॉल लगाने वाले विभागों को नगर पालिका चेयरमैन व मेला अधिकारी प्रियंका रानी के सहयोग से पुरस्कार वितरण किए। समापन बेला पर नुमाईशखेत मैदान राज्य मंत्री बिष्ट ने कहा कि उत्तरायणी मेले की पहचान पूरे विश्व में है। देश के कोने-कोने में यह मेला आयोजित होने लगा है। लखनऊ में यहां से दिव्य ज्योति जाती है। उसके बाद मेला शुरू होता है। दिल्ली, बरेली, खटीमा आदि क्षेत्र में यह मेला होता है। विदेश में रह रहे उत्तरखंडी भी उत्तरायणी मेले का इंतजार करते है। आज सोशल मीडिया व अन्य मीडिया के माध्यम से वह इस मेले को देख रहे हैं। वक्ताओं ने कहा बागेश्वर मेला राजनैतिक, धार्मिक व व्यापार से जुड़ा मेला है। धारचूला से लेकर देहरादून तक के व्यापारी यहां आते हैं। इसके बाद ऐपण, मेहंदी, कुमाऊं व्यंजन, परिधान प्रतियोगिता, वॉलीबाल, कबड्डी तथा अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। मेले में सहयोग देने वाली संस्थाओं के अलावा बेहतर कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। झांकी में राइका बागेश्वर के बच्चों को बेहतरीन झांकी के लिए पुरस्कार दिया गया। जबकि उद्यान विभाग का स्टॉल दूसरी बार अव्वल रहा। मेले के दौरान उत्तरायणी मेले के दौरान विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल कृषि, उद्यान, वन विभाग, उद्योग, स्वास्थ्य, उरेडा, पशुपालन, उद्यान आदि को भी सम्मानित किया गया।

# एनयूजेआई लालकुआं इकाई ने कराया खिचड़ी भोग कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** पवित्र माघ माह की पुण्य बेला में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) की लालकुआं इकाई द्वारा आयोजित खिचड़ी भोग कार्यक्रम ने नगर को भक्ति, सेवा और सौहार्द के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश संरक्षक संजय तलवार एवं प्रदेश सचिव प्रमोद बमेटा और इकाई अध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा पीपलेश्वर मंदिर में भगवान को भोग अर्पण कर किया गया, जिसके उपरांत विधिवत खिचड़ी भोग वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रति. निधि, समाजसेवी एवं सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



आयोजन स्थल पर श्रद्धा और सामा. जिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस दौरान पूर्व विधायक नवीन दुम्का, कांग्रेस के युवा नेता हेमवती नंदन दुर्गापाल, कनिष्ठ प्रमुख कमल भंडारी, कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंदर पाल आर्य ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पाड़े, वरिष्ठ कांग्रेसी कुंदन मेहता, लक्ष्मण धपोला, पवन चौहान समेत कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं व समाजसे. वियों और क्षेत्रवासियों ने पत्रकार यूनियन के इस आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की और इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इकाई के संरक्षक विनोद अग्रवाल, नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सोनू बत्रा, जफर अंसारी, धर्मन्द्र आर्य, मजाहिर खान, समाजसेवी खजान त्रिपाठी, डा. कुलदीप सिंह, हिमांशु डौबी, भुवन बिष्ट, सभासद हेमंत पाडे सहित कई लोग मौजूद थे।

# तेज़ रफ्तार कैंटर ने गोल्फ कोर्स के कैडी को कुचला

## मौके पर ही मौत, ट्रंचिंग ग्राउंड के पास देर रात हुआ हादसा, दो दोस्त घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला बाईपास पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार कैंटर ने पैदल जा रहे गोल्फ कोर्स के कैडी और उसके दो दोस्तों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कैडी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार भूमियाधार नैनीताल निवासी (40) पंकज आर्य यहां अपनी पत्नी अनीता और जुड़वा बच्चों के साथ रहता था और राजभवन के गोल्फ कोर्स में बतौर कैडी काम करते थे। पंकज के साथ उसके दो दोस्त नैनीताल निवासी



टीकम वाल्मीकि व पंकज पालीवाल भी यहां काम करते हैं। पुलिस के अनुसार बीते सोमवार की देर रात तीनों कार से सवार होकर गोल्फ का सामान लेने दिल्ली जा रहे थे। बताया जा रहा कि गौलापार में रात 12 बजे के आसपास तीनों ने खाना खाया और आगे को बढ़ गए। तभी किसी बात को लेकर ट्रंचिंग ग्राउंड से पहले पंकज आर्य कार से उतर कर पैदल चलने लगा और उसके दोनों दोस्त कार में सवार उसके साथ चलने लगे। इसी बीच पीछे से आए तेज रफ्तार कैंटर ने पैदल चल रहे पंकज आर्य और कार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में पंकज आर्य की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार अन्य दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने पंकज आर्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दोनों को नैनीताल रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल ने बताया कि कैंटर चालक सिविल लाइंस रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अरुण सैनी को हिरासत में ले लिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दोस्तों से नाराज होकर पैदल निकले थे पंकज

बताया जा रहा है कि पंकज आर्य और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। घटना से पहले पंकज ने कार रुकवाकर अपने दोनों दोस्तों से नाराज होकर पैदल चलने का फैसला किया। जब वह गौला बाईपास की ओर बढ़ रहा था, तब उसके दोस्त टीकम और पंकज पालीवाल कार से उसके पीछे आ रहे थे। इस दौरान हादसा हुआ और कैंटर ने पंकज को कुचलते हुए कार को सड़क किनारे पलट दिया। पंकज के दो दोस्तों को सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

# सुखवन्त सिंह आत्महत्या मामले में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई

## यूएसनगर के एसएसपी सहित 4 पुलिसकर्मियों को बयान के लिए नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काशीपुर के किसान सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण की जांच में उच्चस्तरीय एसआईटी ने तेजी से कदम उठाते हुए एसएसपी सहित चार पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और मृतक के परि. जनों द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर एसआईटी ने उधमसिंहनगर के एसएसपी सहित तीन उपनिरीक्षकों और एक अपर उपनिरीक्षक को पूछताछ और बयान दर्ज करने के लिए नोटिस भेजे हैं। यह कार्रवाई मामले में गंभीर आरोपों के मद्देनजर की गई है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मृतक सुखवंत सिंह के साथ कथित भूमि धोखाधड़ी के आरोपों की जांच में एसआईटी ने रजिस्ट्रार कार्यालय, तहसील कार्यालय और संबंधित बैंकों को नोटिस भेजे हैं। इन संस्थानों से दस्तावेज प्राप्त कर भूमि सौदों और वित्तीय लेन-देन की जांच की जाएगी।

एसआईटी के सदस्य एवं पुलिस अधीक्षक चंपावत अजय गणपति ने बताया कि जांच में घटनाक्रम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों को कब्जे में लेकर उनका सूक्ष्म परीक्षण किया जा रहा है। एजेंसी हर उस कड़ी की जांच कर रही है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आत्महत्या के पीछे किन परिस्थितियों और व्यक्तियों की भूमिका रही। एसआईटी की विशेषज्ञ टीम द्वारा टेक्निकल सर्विलांस के माध्यम से कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) व सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इन साक्ष्यों से पूरे घटनाक्रम की टाइमलाइन तैयार की जा रही है। सूत्रों के अनुसार जांच का दायरा निरंतर बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में और अधिकारियों और दस्तावेजों को जांच के घेरे में लिया जा सकता है। एसआई का फोकस इस बात पर है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यपूर्ण हो। पुलिस मुख्यालय ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी पूरी जांच को बारीकी से देख रही है।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर से तीन लाख की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर अपराधियों ने अब रिटायर्ड बैंक शाखा प्रबंधक को निशाना बना लिया और पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन कराने के नाम पर तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्ली हल्द्वानी निवासी रिटायर्ड शाखा प्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते वर्ष 29 नवंबर 2025 को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उन्हें पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन कराने का झांसा दिया। फोन करने वाले ने उन्हें एक ऐप डाउनलोड करने और अपनी बैंक डिटेल्स देने के लिए कहा। पीड़ित ने झांसे में आकर अपनी बैंक जानकारी दे दी, जिसके बाद उनके खाते से 3.05 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने तुरंत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से मदद मांगी। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बैंक डिटेल्स की जांच की जा रही है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि साइबर ठगी से जुड़े इस मामले में गहरी छानबीन की जा रही है और जल्द ही ठगों का पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

# बाइक हटाने को लेकर विवाद

## गन्नों से किया हमला, मारपीट में तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार की सुबह गोलचा कंपाउंड के पास रेलवे क्रासिंग पर बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के दर्जनभर से अधिक लोगों ने तीन युवकों पर गन्नों से हमला कर दिया। हमले में तीनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद यह पूरी घटना एक सीसीटीवी भी तेजी से वायरल हो रहा है। घायल पक्ष ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जैम फैक्ट्री निवासी अली वारिस पुत्र असगर अली ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका भाई हुसैन वारिस उर्फ बन्टी आज सुबह करीब 9 बजे मजदूरी के लिए घर से



निकला था। जब वह प्रेम सिनेमा और गोलचा कंपाउंड के पास रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा, तो रेलवे फाटक बंद हो गया। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और हुसैन से गाड़ी हटाने के लिए कहा, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बीच आरोपी युवकों ने अपने 10-15 साथियों को बुला लिया। इन सभी ने गन्ने से हमला कर हुसैन को बुरी तरह से पीट दिया। हुसैन के साथ मौजूद दानिश और मेहरबान ने बचाव की कोशिश की तो उन दोनों को भी बेरहमी से पीट दिया गया। तीनों घायल युवकों को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंचे। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घायल हुसैन वारिस ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पूर्व सैनिकों का पारंपरिक खिचड़ी आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** माघ माह के अवसर पर हल्द्वानी के ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों द्वारा पारंपरिक खिचड़ी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े बड़ी संख्या में गौरव सेनानियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष सू. मेजर गोविंद सिंह बढ़ती, सूबेदार मेजर अर्जुन सिंह भंडारी, रीजनल प्रोजेक्ट ऑफिसर कर्नल आलोक पांडे, पूर्व जिला सैनिक कल्याण उप अधिकारी कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी, वर्तमान अध्यक्ष कैप्टन दया किशन जोशी (सेना मेडल), और पूर्व सैनिक भवन के चंद्र भगत समेत कई सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शीशमहल रामलीला मैदान में खिचड़ी भोग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा समाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल की और से मंगलवार को रामलीला मैदान में माघ के दान पुण्य महीने में खिचड़ी भोग



कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे क्षेत्र के तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, कौस्तुभानंद जोशी, मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, महामंत्री एनडी तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश फुलारा, सचिव विक्रम डंगवाल, सुरेश तिवारी, कमल पपनै, मोहन अधिकारी, मनोज तिवारी, मुकुल बल्यूटिया, केशव दत्त तिवारी, देवेश तिवारी, उमेश तिवारी, पुष्पा संभल, नितिन बल्यूटिया, विनीत बल्यूटिया, जगद. ीश गौड़, मुकेश तिवारी, दामोदर बल्यूटिया, दयानंद तिवारी, जगदीश बल्यूटिया, कैलाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थलों पर नियंत्रित की जाएगी भीड़

## श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुरक्षित और सुखद बनाने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं होंगी: आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मंडल के सभी जिलाधिका. रियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सरल और सुखद बनाना था। मंडलायुक्त रावत ने कहा कि कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे कैंची धाम, मां गर्जिया देवी, जागेश्वर, मां पूर्णागिरी, हाट कालिका, बागनाथ आदि पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वृद्धि के मद्देनज़र, उन्होंने इन स्थलों पर भीड़ एवं व्यवस्था प्रबंधन के लिए प्रभावी



उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही भीड़ की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, धार्मिक स्थलों पर पेयजल, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैरिकेट्स, पार्किंग और विश्राम स्थलों जैसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। श्री रावत ने आपदा और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि आवश्यकतानुसार क्रेन, जेसीबी और अन्य यांत्रिक संसाधनों की अग्रिम डिमांड की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत काम में लिया जा सके। उन्होंने कैंचीधाम में होने वाली भीड़ के नियंत्रण के लिए हल्द्वानी से सटल सेवा शुरू करने और पार्किंग स्थल चयनित करने के निर्देश भी दिए। एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी ने कैंची धाम और गर्जिया देवी मंदिर से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की। इस मौके पर डीएम यूएसनगर नितिन भदौरिया, अल्मोड़ा अंशुल सिंह, चंपावत मनीष कुमार, पिथौरागढ़ आशीष भटगाई, बागेश्वर आकांक्षा कोंडे सहित एसएसपी मौजूद रहे।

# बनभूलपुरा पुलिस ने दो सटोरिया दबोचे

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हजारों की नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीती शाम बनभूलपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी गश्त के दौरान निशाद स्कूल के पास एक खुले कमरे में कुछ लोग सट्टा खेलते हुए पाए गए। पुलिस को देख कर वे भागने लगे, लेकिन पुलिस ने भाग रहे दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने अपनी पहचान रिजवान इंद्रानगर और पप्पू इंद्रानगर, नूरी मस्जिद के पास के रूप में बताई। पुलिस ने सटोरियों के पास से 5,670 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

# शंकराचार्य से दुर्व्यवहार सत्ता का अहंकार बताकर यूकेडी ने की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने प्रयागराज में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ उत्तर प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र और सत्ता के अहंकार का घिनौना प्रदर्शन है। सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माचार्य के साथ इस प्रकार की अभद्रता यह दर्शाती है कि वर्तमान शासन-प्रशासन संत समाज और धार्मिक परंपराओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुका है। उनियाल ने कहा कि यह कोई साधारण प्रशास.



निक भूल नहीं है। देश आज भी यह नहीं भूला है कि दिल्ली में योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ आधी रात को किस तरह बल प्रयोग किया गया था। प्रयागराज की घटना उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति प्रतीत होती है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते स्थिति न संभाली जाती तो जगद्गुरु शंकराचार्य के साथ और भी गंभीर घटना घट सकती थी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि जिन संत-महात्माओं ने देश की आत्मा, संस्कृति और राष्ट्रभाव को जीवित रखा, आज उन्हीं का अपमान किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का यह रवैया यह दर्शाता है कि वह कानून का रक्षक बनने के बजाय सत्ता के आदेशपाल के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि संत समाज के धैर्य को कमजोरी न समझा जाए। यदि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों का तत्काल निलंबन और राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन केवल प्रयागराज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में जन आंदोलन का रूप लेगा।

# नैनीताल की खूबसूरत वादियों में 'कसाईबाड़ा' की शूटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल तथा भीमताल की खूबसूरत लोकेशन्स पर इन दिनों हिंदी फीचर फिल्म कसाईबाड़ा की शूटिंग तेजी से चल रही है। रॉक रॉकस्टार 7 क्रिएशन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के निर्माता पवन सिंह हैं, जबकि



निर्देशक फैजल रियाज हैं। मुख्य भूमिकाओं में अभिनेत्री काजल पाठक और अभिनेता आशुतोष शुक्ला नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के कई गीत भीमताल ताल पर फिल्माए गए। इस मौके पर उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के पू. सदस्य, निर्माता-निर्देशक विक्की योगी भी शूटिंग स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने निर्माता पवन सिंह को मानव विकास सेवा संस्थान की कोषाध्यक्ष साक्षी बेलवाल द्वारा निर्मित मफलर पहनकर स्वागत किया इस अफसर पर संस्थान की सचिव पूनम चंद्र भी मौजूद रही और श्री योगी ने निर्माता पवन सिंह एवं निर्देशक फैजल रियाज को स्थानीय लोकेशन परमिशन और फिल्म नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निर्देशक फैजल रियाज ने बताया कि 2 दिन फिल्म की शूटिंग और चलेगी और उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित एक बेहतरीन कहानी वाली फिल्म की शूटिंग यहां शीघ्र होगी। यह फिल्म उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को भी बड़े पर्दे पर उकेरेगी।

# सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में रिटायर्ड कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर ईपीएस-95 पेंशन योजना से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री और सांसद को ज्ञापन प्रेषित किया। वक्ताओं ने कहा कि ईपीएस-95 को न्यूनतम 7500 मासिक पेंशन के साथ महंगाई भत्ता दिया जाए। साथ ही पति-पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट के 4 नवंबर 2022 के आदेश के अनुरूप उच्च पेंशन का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को दिए जाने की भी मांग की गई। प्रांतीय अध्यक्ष भूपेंद्र अधिकारी ने कहा कि सरकार केवल आश्वासन देकर पेंशनर्स की उपेक्षा कर रही है। प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष पान सिंह

### प्रधानमंत्री और सांसद को ज्ञापन भेजा

नेगी ने कहा कि जो कर्मचारी किसी कारणवश उच्च पेंशन योजना से नहीं जुड़ पाए, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। कर्मचारी नेताओं ने उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय लेगी। धरना प्रदर्शन के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने ईपीएस-95 कार्यालय में भी प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बजट सत्र में मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को देशव्यापी रूप दिया जाएगा और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान लीलाधर शर्मा, दिनेश जोशी, बसंत जोशी, सिराजुद्दीन, मनोहर रावत, पूरन चंद्र कर्नाटक, नरेंद्र थापा, नैन राम, ध्रुव यादव, बच्ची सिंह, जगदीश पंत, राम प्रसाद, लाल गिरी गोस्वामी, गुरुबचन सिंह, राज. ेंद्र बिष्ट, मधु शर्मा, किशन कश्यप, नवीन तिवारी, गोविंद मेहता, पान सिंह नेगी सहित कई सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाने में परेड, शस्त्र अभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशानुसार जनपद के सभी थानों में प्रत्येक मंगलवार को परेड एवं शस्त्र हैंडलिंग अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस जवानों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन और



व्यावसायिक क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करना है, ताकि स्मार्ट और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में मंगलवार को थाना काठगोदाम में थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान जवानों को शस्त्रों की सुरक्षित और प्रभावी हैंडलिंग का अभ्यास कराया गया, जिससे आपात परिस्थितियों में उनकी तत्परता और कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और टीमवर्क पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने जवानों को नियमित अभ्यास और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल को और अधिक सक्षम व जनसेवा के लिए तत्पर बनाते हैं।

# दबंगों ने काठगोदाम डिपो की बस पर हमला किया

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की काठगोदाम डिपो की हिसार जा रही रोडवेज बस पर देर रात दबंगों ने हमला कर दिया। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है, जब अज्ञात हमलावरों ने डंडों से बस के आगे का शीशा तोड़ दिया। अचानक हुए हमले से बस में सवार 40 से अधिक यात्रियों में अफरा-तफरी और चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके07पीए-2840 हिसार के लिए रवाना हुई थी। गजरौला के पास कार सवार कुछ दबंगों से बस चालक का विवाद हो गया जिसके बाद कार सवारों ने बस पर हमला कर दिया। घटना के बाद चालक ने गजरौला में कार सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घटना के चलते बस को आगे नहीं भेजा गया और बस को वापस काठगोदाम डिपो भेज दिया गया।

# भाजपा केवल नारों तक सीमित

## प्रदेश में महिला अत्याचारों के खिलाफ उठाई जाएगी मुखर आवाज़: गांवड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करने को लेकर मंगलवार को स्वराज आश्रम में कुमाऊं मंडल महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी सुनीता गांवड़े, सह प्रभारी पूनम पंडित एवं प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सुनीता गांवड़े ने कहा कि भाजपा सरकार केवल नारेबाजी तक सीमित रह गई है। एक ओर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के ही पदाधिकारी और कार्यकर्ता महिलाओं के शोषण में लिप्त पाए जा रहे हैं। सह प्रभारी पूनम पंडित ने कहा




कि यदि देश और प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए महिला कांग्रेस को कठोर कदम उठाने पड़े तो कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार है। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर कांग्रेस पहले भी सरकार को चेतावनी दे चुकी है। यदि सरकार ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई तो महिला कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम की आयोजक एवं नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा प्रभारी जया कर्नाटक ने कहा कि सरकार की महिलाओं के प्रति उदास. ीनता लगातार बढ़ रही है। इसी कारण महिला कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और अत्याचारों के खिलाफ जागरूक करेंगी। बैठक में कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, मधु सांगुड़ी, मीना शर्मा, भागीरथी बिष्ट, शोभा बिष्ट, सीमा टम्टा, राधा बिष्ट, रेखा सोनकर, सुनीता कश्यप, पूजा सिंह, मोनिका ढाली, चंपा चिलवाल, रजनी, भावना भट्ट, रत्ना श्रीवास्तव, हेमा दुम्का, अलका आर्या, बीना जोशी, गीता पंवार, सविता गुर्रानी, दीपा गोस्वामी, पुष्पा आर्या, सीमा आर्या, निकिता आर्या, प्रीती बिष्ट, जानकी आर्या, भगवती जोशी, लता पांडेय, पुष्पा तिवारी, शबनम, साहिस्ता बेगम, कृष्णा नेगी, रेनू तोमर, कनक जीना, राधा दानू मौजूद रहे।

# कमीशनखोर, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे व्यापारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि उत्तराखंड राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए एकजुट होकर कमीशनखोर और समय पर कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अभियान चलाना पड़ेगा। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण और प्रदेश संगठन मंत्री दया किशन उपाध्याय ने युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनको दायित्व सौंपे है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भ्रष्टाचारी दीमक को जड़ से समाप्त किया जाये। इसके लिए युवाओं को जागृत होने की आवश्यकता है। प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता और प्रदेश रणनीति सलाहकार



दीपक माहेश्वरी ने कहा कि कई विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली इतनी खराब हो गई है कि वह बिना सुविधा शुल्क के कार्य करने को राजी नहीं है। ऐसे भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों की सूची तैयार कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, विजलेंस आदि में सौंपी जानी चाहिए। बैठक में कुंदन रावत, ललित जायसवाल, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, प्रज्ञान भारद्वाज, जीशान सिद्दीकी, रिषभ पाठक, गौरव सोनकर, प्रतीक लोशाली, अखिलेश पाल, राहुल गोस्वामी, शिवम रावत, राहुल सागर, योगी गिरी गोस्वामी, अंकुर श्रीवास्तव, रोहित सनवाल, हरेंद्र बिष्ट, सलमान सिद्दीकी, धर्मेंद्र रावत, पंकज फुलारा, चेतन जायसवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जल्द पकड़े जाएं पार्षद सौरव बेहड़ के हमलावर

**■ खटीमा उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने कुमाऊं कमिश्नर को प्रेषित किया ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा की एक बैठक गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रांगण मे की गई। जिसकी अध्यक्षता पंजाबी महासभा के अध्यक्ष विजय कुमार अरोरा एवं संचालन महामंत्री हरीश बत्रा ने किया।

इस मौके पर पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज बेहड़ के पुत्र पार्षद सौरव राज के ऊपर हुए कातिलाना हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की गई। इसके साथ ही आरो. पियों को शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि आरोपीयों को जल्द गिरफ्तार नही किया गया तो पंजाबी महासभा आंदोलन के लिया बाध्य होगी। इसके साथ ही अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कुमाऊं कमिश्नर को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। वहीं पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं तिलक राज बेहड़ के पुत्र पर हुए हमले को लेकर प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दिशानिर्देश दे चुके है।

उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। बैठक में पंजाबी महासभा के कोषाध्यक्ष जितिन ग्रोवर, रोहित छाबड़ा, रविंदर रैना, बिट्टू ग्रोवर, जतिन बत्रा, ललित मोहन मारवाह, सरदार अमरजीत सिंह, सुधीर बत्रा, गुरुद्वारा सिंह, सभा के कोषाध्यक्ष रमन सेठी, लवी सहगल तथा राजेश बाटला आदि उपस्थित रहे।

# बाइक समेत गूल में गिरा पूर्व दर्जा मंत्री का पुत्र, मौत

**■ मित्र के यहां बर्थडे पार्टी की बात कहकर बाइक से गया था बाहर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गूलरभोज।** पूर्व दर्जाधारी प्रेम सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह (40) की घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे गहराई में बनी गूल में बाइक फिसलने से मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को मंगलवार सुबह हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कोपा लाल सिंह गूलरभोज निवासी महेंद्र सिंह खेती किसानी का कार्य करता था। सोमवार शाम बाजपुर ससुराल से बच्चों को लाकर उसके कुछ देर बाद वार्ड छह में एक मित्र के यहां बर्थडे पार्टी की बात कहकर बाइक से चला गया। रात दस बजे घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी विनीता ने फोन किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ आया।

इसके बाद परिजनों ने रात को उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह घर के पास की रोड की ढलान के नीचे स्थानीय ग्रामीणों को सिंचाई गूल में बाइक के नीचे शव होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों संग पूर्व दर्जाधारी रहे पिता प्रेम सिंह ने शव की शिनाख्त महेंद्र के रूप में की।

इस बीच मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी डीएस बिष्ट ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि गूल में फंसने और ऊपर बाइक पड़ी रहने से महेंद्र हिल नहीं सका।

रात भर इसी स्थिति में रहने और ठंड के प्रभाव से मृत्यु की आशंका जताई गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो बेटी और एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया।

## एक नजर

# अनियंत्रित ट्रक मंदिर के ऊपर पलटा, हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नैनीताल रोड स्थित जिला हल्द्वानी प्राइवेट बस स्टैंड के समीप झाड़ी वाला बाबा मंदिर के ऊपर देर रात एक 10 टायरा ट्रक पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि यदि उस समय वहां यात्री मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही मंदिर परिसर और आसपास कोई यात्री नहीं था, जिससे जनहानि टल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी नंबर का 10 टायरा ट्रक (संख्या यूपी 14 केटी-3894) डीडी चौक से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार होने के कारण घुमावदार चौराहे पर ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सीधे झाड़ी वाला बाबा मंदिर के ऊपर पलट गया। इस स्थान पर आमतौर पर हल्द्वानी जाने वाले यात्री बसों का इंतजार करते हैं, जिससे हादसे की गंभीरता और बढ़ जाती है। हादसे की सूचना चत पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में तेज गति को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। ट्रक के मंदिर के ऊपर पलटने से मंदिर के अंदर किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई, लेकिन परिसर की बाहरी दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मंदिर संचालक का कहना है कि यदि प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा मंदिर की मरम्मत कराई जाती है तो उनके द्वारा किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवक को पहले सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से हालत नाजुक होने पर उसे काशीपुर रेफर किया गया। काशीपुर स्थित अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

नगर पालिका अन्तर्गत वार्ड नंबर चार गांधी नगर निवासी 34 वर्षीय ध्रुव सरना उर्फ रिंकू पुत्र कश्मीर सिंह मंगलवार सुबह को पैदल जा रहा था। इसी दौरान दोराहा रोड पर बहादुरगंज गुरुद्वारा साहिब के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को बाजपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए काशीपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया है। मृतक सोमवार रात एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। मृत्य के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर चल सकेगा।

# शौर्य सरना को मिला इंटरनेट इन्फ्लुएंसर अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डिजिटल इंडिया और इंटरनेट गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रुद्रपुर के एलाइंस क्षेत्र निवासी छात्र शौर्य सरना ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में शौर्य सरना को प्रतिष्ठित 'इंटरनेट इन्फ्लुएंसर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन के ओर से प्रदान किया गया। शौर्य सरना ने नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया में इंटर्न के रूप में कार्य करते हुए इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सुरक्षा और गवर्नेंस से जुड़े विषयों पर प्रभावी योगदान दिया है। इंटरनेट गवर्नेंस के क्षेत्र में शौर्य सरना की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने 'भाषांतर 2025', 'राइज ऑफ एफओएसएस' व डब्लूएसआईएस की मल्टी-स्टेकहोल्डर बैठकों जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहभागिता की। उनकी कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए एनआईएक्सआई की इम्पैक्ट रिपोर्ट में भी उन्हें विशेष स्थान दिया गया है। इसके अलावा, शौर्य सरना ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की डिजिटल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'डिजिटल गार्डियन फ्रेमवर्क' पर शोध किया। जिसे मंत्रालय स्तर पर सराहना मिली। वर्तमान में वह यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर उनके परिवार, शुभचिंतकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। शौर्य सरना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मेंटर समीर गहलोत के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है।

# कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**■ एक का हाथ टूटा और एक का फटा सिर**
**■ महिला ने लगाया कपड़े फाड़ने का आरोप**
**■ पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलसी में कूड़ा फेंकने और जलाने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच चला आ रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस झड़प में एक युवक का हाथ टूट गया और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष की महिला ने भी मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिट्ठू पुत्र बेचई राम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली माया देवी आए दिन उनके घर के पास कूड़ा फेंकती है। विरोध करने पर रंजिश रखते हुए 17 जनवरी की रात माया देवी अपने पुत्रों वीरेन्द्र, चन्द्रसेन, महादेव और साथी मोहम्मद तैयब व आकाश के साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर पहुंची। आरोपियों ने मिट्ठू को जबरन घर से बाहर खींच लिया और हमला कर दिया। हमले में वीरेन्द्र ने मिट्ठू के सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया, जबकि अन्य ने डंडों से पीटकर उसका बायां हाथ तोड़ दिया। गंभीर हालत में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में माया देवी सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, दूसरे पक्ष की माया देवी पत्नी स्व. रामगोपाल ने भी पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपनी दुकान के पास जमा कचरा जला रही थी, तभी पड़ोसी किरन, विद्या, सन्नी और मिट्ठू ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर इन लोगों ने उनके साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। माया देवी ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने जाते-जाते धमकी दी कि वे खुद को चोट पहुंचाकर उन्हें जेल भिजवा देंगे। माया ने अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली पुलिस का कहना है कि कूड़ा फेंकने के मामूली विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दोनों ओर से तहरीर प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर सुसंगत धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# दबंगों ने दो श्रमिकों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक फैक्ट्री में किसी बात को लेकर हुए झगड़े में कुछ दबंग युवकों ने दो श्रमिकों की पिटाई कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

ग्राम मोहम्मदपुर बहेड़ी बरेली निवासी श्रमिक 27 वर्षीय सुभाष सिंह पुत्र मुन्ने सिंह व 22 वर्षीय सूरजपाल पुत्र जगपाल ने बताया कि वह सिडकुल की एक कम्पनी में काम करते हैं। सुभाष का कहना है कि सोमवार की रात्रि उसका एक युवक से झगड़ा हो गया था। मौके पर सुपरवाईजर द्वारा दोनों को समझा दिया गया।

सुभाष ने बताया आज सुबह वह दबंग युवक अपने साथ कई साथियों को लेकर फैक्ट्री धमका और उस पर व उसके साथ सूरज पर हमला कर दिया। जिससे दोनों को खुली व गुम चोटें आ गईं। उसने बताया कि दबंग युवकों के भय से उन्हें वहां पर किसी ने भी उन्हें बचाने की कोशिश नहीं की। किसी तरह गार्ड के कमरे में जाकर दोनों ने अपनी जान बचाई। जिसके बाद उसने अपने भाई को फोन कर बुलवाया। पुलिस को मामले की जानकारी देने के बाद उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचे।

# पार्टनर बनाने के नाम पर 60 लाख ठगे

**■ हिमाचल के युवक ने रुद्रपुर के व्यक्ति को दिया जूते की फैक्ट्री में साझीदार बनाने की लालच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जूते बनाने की फैक्ट्री में पार्टनरशिप का झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी रकम डकारने के बाद अपना मोबाइल बंद कर गायब हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास निवासी संतोष पाल पुत्र रामचंद्र पाल ने ट्रांजिट कैंप थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी पहचान पिछले तीन वर्षों से ग्रीन पार्क में किराए पर रहने वाले धर्मजीत पुत्र अमर सिंह से थी। धर्मजीत मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले का रहने वाला है और यहां भूरारानी में 'मैसर्स पंवार एंड सन्स' के नाम से जूते बनाने की फैक्ट्री चलाता था। पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2021 में धर्मजीत ने उन्हें अपनी फर्म में पार्टनर बनाने का आश्वासन दिया। इसके लिए दोनों के बीच बाकायदा एक अनुबंध पत्र (एग्रीमेंट) भी तैयार किया गया और नोटरी से प्रमाणित कराया गया। साझेदारी के नाम पर संतोष पाल ने पहली किस्त के रूप में पांच लाख रुपये का चेक धर्मजीत को दिया। इसके बाद जनवरी 2024 तक आरोपी ने व्यापार विस्तार और साझेदारी के नाम पर विभिन्न तिथियों में पीड़ित से कुल 60,57,068 रुपये (साठ लाख सत्तावन हजार अड़सठ रुपये) ऐंठ लिए। रकम वसूलने के बाद जनवरी 2024 में आरोपी धर्मजीत अपने निजी काम निपटाने का बहाना बनाकर अपने गांव हिमाचल चला गया। तब से पीड़ित लगातार उसे फोन कर रहा है, लेकिन आरोपी ने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया और अब उसका फोन भी नहीं मिल रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि धर्मजीत ने सुनियोजित तरीके से ठगी की वारदात को अंजाम दिया और अब वह फरार है। पीड़ित ने पुलिस को आरोपी की पत्नी की फर्म 'मैसर्स किशन कन्हैया एंटरप्राइजेज' (सिरमौर, हिमाचल) का विवरण भी सौंपा है, जहां से उसके मिलने की संभावना है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी धर्मजीत के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के लिए दबिश देने की तैयारी कर रही है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर एडीएम ने ली बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस व 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) स्थापना दिवस मनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिला सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राजकीय भवनों को 25 व 26 जनवरी को सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक कम वोल्टेज के बल्बो, एलईडी के माध्यम से प्रकाशमान किया जायेगा। 26 जनवरी को जनपद के सभी कार्यालयों में प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाईन में आयोजित किया जाएगा।

पुलिस लाईन में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे किया जाएगा। पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परेड व विकास परख झांकी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों आदि को सम्मानित भी किया जाएगा व सांसकृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रांस कंट्री रेस कराने तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में निबंध, पेंटिग, भाषण प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी तहसीलो व नागर निकायों में 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) स्थापना दिवस को भी भव्यता से बनाया जाएगा। 27 जनवरी को यूसीसी दिवस पर तहसीलो व नगर निकायो में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास, पुलिस आदि विभागों द्वारा स्टांल लगाकर यूसीसी पंजीयन के साथ ही यूसीसी फिडबैक फार्म भी फरवाए जाएगें। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षण संस्थानों में यूसीसी पर भाषण, निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित वर्चुअल के माध्यम से उप जिलाधिकारी, शिक्षा अधिकारी व नगर निकाय अधिकारी जुड़े थे।

# प्रशासन की कार्रवाई, विधि इंटरप्राइजेज सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र अंतर्गत एक प्रतिष्ठान में आधार कार्ड से संबंधित कार्यों में अनियमितता की लगातार शिकायतें मिलने के बाद मंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।

उपजिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने विधि इंटरप्राइजेज पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया। प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि उक्त प्रतिष्ठान में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया नियमों के विपरीत कार्य पाया गया, जिसके बाद विधि इंटरप्राइजेज को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि आधार जैसे संवेदनशील दस्तावेज से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की विस्तृत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को भेजी जा रही है। तथा आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से आधार से संबंधित कार्य करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को नगर स्थित प्रथम राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव के सहयोग से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 100 स्वेटर वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को ठंड से राहत पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर शिक्षा और बच्चों के हित में सहयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने सहयोग के लिए टिंकू यादव सहित सभी अतिथियों का आभार जताया।

# सड़क किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रपुर।** सोमवार की सायं सिडकुल क्षेत्र में दिनेशपुर मार्ग पर अशोक लैलेंड कम्पनी के समीप सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और वहा मौजूद लोगों से शव के संदर्भ में जानकारी ली। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल पहुचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित करने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सायं राह गुजरते लोगों ने दिनेपुर मार्ग पर अशोक लैलेंड कम्पनी के समीप सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति को वेसुध अवस्था में पड़ा देखा। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ लग गई।

जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अधेड़ के संदर्भ में पूछताछ की। जिसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने अधेड़ को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। बताया जाता है कि मृतक क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लावा. रिस घूमता दिखाई देता था।

# बच्चों को स्वेटर, गर्म टोपी, जूते वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर डोटियाल में पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश घुघत्याल, शुभम पांडे व उनकी टीम के सौजन्य से प्रथमिक विद्यालय के नन्हे बच्चों को स्वेटर, गर्म टोपी, जूते वितरित किए गए।



उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम उनकी टीम द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाते है, जिसमें कभी बच्चों को खेल सामग्री, गर्म कपड़े, पढ़ाई में उपयोग होने वाली चीजें वितरण किया जाता रहा है। सुरेश घुघत्याल द्वारा कई बच्चों की स्कूल फीस, अन्य आर्थिक सहयोग में विशेष योगदान रहता है। इस दौरान शुभम पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, सुबोध चमोली, पंकज तिवारी, प्रधानाचार्य चित्रा वर्मा, दीपा उप्रेती, विनोद करगेती आदि मौजूद रहे।

# महापौर ने निर्माणाधीन बस टर्मिनल का किया निरीक्षण

**■ बस टर्मिनल की जद में आ रहे व्यापारियों का होगा पुनर्वास: विकास शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की महत्वाकांक्षी परियोजना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार निर्माणाधीन बस टर्मिनल के कार्य को गति देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे महापौर ने निर्माण की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने टर्मिनल के दायरे में आ रहे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और यात्रियों की सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से सुधारने पर विशेष जोर दिया।

बस टर्मिनल के निर्माण में हो रही देरी का संज्ञान लेते हुए महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के एमडी इंदर कपूर से अब तक हुई प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और देरी के कारणों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यदायी संस्था के एमडी ने अवगत कराया कि मुख्य रूप से अतिक्रमण और कुछ तकनीकी अड़चनों के कारण निर्माण की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि अतिक्रमण की समस्या का समाधान हो जाता है, तो अगले दो माह के भीतर बस टर्मिनल का संचालन विधिवत रूप से शुरू कर दिया जाएगा, जबकि परिसर में प्रस्तावित शॉपिंग मॉल के निर्माण में अभी करीब डेढ़ से दो वर्ष का समय लग सकता है। महापौर ने



कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जब तक टर्मिनल पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किच्छा बाईपास रोड की उन 48 दुकानों के भविष्य पर भी चर्चा की, जो बस टर्मिनल की जद में आ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर इन व्यापारियों के पुनर्वास के लिए एक ठोस योजना तैयार करेंगे। महापौर ने कहा कि आज के निरीक्षण में जो भी समस्याएं सामने आई हैं, चाहे वे प्रशासनिक हों या तकनीकी, उनका समाधान युद्ध स्तर पर किया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो वे स्वयं शासन स्तर पर वार्ता कर अवरोधों को दूर कराएंगे। महापौर ने कहा कि जैसे ही टर्मिनल का मुख्य हिस्सा तैयार होगा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इसका भव्य लोकार्पण करेंगे और इसे जनता को समर्पित करेंगे।

# पूर्व विधायक रणजीत रावत की माता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सल्ट के पूर्व विधायक रणजीत रावत की 91 वर्षीय माता घुपुली देवी का शनिवार कों आकस्मिक निधन हो गया।शनिवार कों उनके निधन की सूचना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



पूर्व विधायक रणजीत रावत की माता घुपुली देवी का आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। काशीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थी। शनिवार की सुबह लगभग 08 बजे उन्होंने अंतिम सास ली। रविवार कों उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक निवास डंगुला सल्ट से नेड़ घाट पर पहुंची। जहां रणजीत रावत, अर्जुन रावत, महेन्द्र रावत, गोविन्द सिंह, जोगा सिंह, मोहन सिंह, सोबन सिंह, गौरव रावत, शंकर सिंह, चन्दन सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, मदन सिंह द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, राष्ट्रीय सचिव व दिल्ली कांग्रेस कमेटी के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक ललित फरसवान, रुड़की के पूर्व मेयर यशपाल राणा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** मुख्यमंत्री जन शिकायत पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद जसपुर में खाद्य विभाग हरकत में आ गया। शिकायत का संज्ञान लेते हुए रूद्रपुर से आये सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ललित मोहन पांडे के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान सुभाष चौक स्थित एक डेली नीड स्टोर पर एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री की बिक्री की शिकायत पर दुकान स्वामी को नोटिस सौंपा गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ललित मोहन पांडे ने बताया कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होने अफजलगढ़ रोड स्थित जियो मार्ट से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजें। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने व्यापार मंडल के साथ लकड़ी मंडी चौक पर व्यापारियों को फूड लाइसेंस बनवाने एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने को लेकर जागरूक भी किया और 14 दिन का समय लाईसेंस वनाने का समय दिया। वही व्यापार मंडल ने नगर में कैंप लगवाकर व्यापारियो का फूड लाईसेंस वनवाने को कहा वही खदय आयुक्त ने व्यापारियों से अपील की कि वे तय मानकों का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर व्यापार मंडल के हरिओम सिंह, विमल अग्रवाल, अर्पित रस्तोगी, विजय रहेजा, महफूज अली, समीर परवेज आदि मौजूद रहे।

# समय खत्म, बेहड़ ने बुलाई महापंचायत

## कानून-व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और जनता के स्वाभिमान पर बोला हमला







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड-39 के पार्षद सौरव राज बेहड़ पर हुए हमले के विरोध में आयोजित तिलक राज बेहड़ की महापंचायत में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया। महापंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तीखे शब्दों में प्रशासन और सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि यह हमला सिर्फ एक पार्षद पर नहीं, बल्कि जनता के जनादेश और लो. कतंत्र पर हमला है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के बेटे सौरभ पर हुए हमले के आरोपी न पकड़े जाने के विरोध में आवास विकास कालोनी स्थित आवास पर भारी संख्या में कांग्रेसियों व समर्थकों की भीड़ जुटी है। पुलिस की नाकामी को लेकर सभी में आक्रोश दिखा । उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल, पूर्व विधायक नारायण पाल समेत तमाम पार्टी के दिग्गज यहां पहुंचे हुए हैं। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। महापंचायत के दौरान रुद्रपुर सीओ सिटी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद सीओ सिटी ने महापंचायत में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। उन्होंने स्पष्ट आश्वासन दिया कि हमले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और बहुत जल्द पूरे प्रकरण का खुलासा किया जाएगा। एसएसपी के आश्वासन के बाद उपस्थित लोगों में कुछ हद तक संतोष देखा गया, हालांकि जनता ने शीघ्र कार्रवाई की मांग दोहराई।

ठुकराल ने कहा कि जिस शहर में विधायक, पूर्व मंत्री, प्रशासनिक अमला और पुलिस तंत्र मौजूद हो, वहां एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर सरेआम हमला होना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि 36 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद हमलावरों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्या अपराधियों को किसी राजनीतिक संरक्षण का भरोसा है? महापंचायत में बड़ी संख्या में पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

वहां खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का कोई डर नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे विवाद अब खुलेआम हिंसा में बदल रहे हैं और प्रशासन केवल "जांच जारी है" कहकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि यह मामला चाहे किसी सड़क विवाद या आपसी कहासुनी से शुरू हुआ हो, लेकिन जिस तरह से हमला किया गया और गंभीर चोटें आईं, उसने इसे साधारण घटना से कहीं आगे खड़ा कर दिया है।

बता दें कि गत रविवार की शाम को वार्ड नंबर 39 के पार्षद सौरभ राज बेहड अपने घर से निकले थे कि घर से चंद कदम दूरी पर बाइक सवार नकाबपोश ने उनपर हमला बोल दिया था। गंभीर अवस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद किच्छा विधायक तिलक राज बेहड, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल समेत सैकड़ों लोगों ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी, साथ ही कड़ी कार्रवाई की भी मांग की थी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी फोन पर किच्छा विधायक बेहड़ से बात कर जानकारी ली थी।

इधर घटना के 48 घंटे के बाद भी अभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ काफी नाराज नजर आ रहे हैं। उन्होंने आज मंगलवार को अपने आवास पर बैठक बुलाई, जिसमें अगली रणनीति तय की गई। बेहड के इस कदम से पुलिस महकमे की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई हैं।

# विधायक अरविंद पांडे के कैंप कार्यालय गूलरभोज पर नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** उत्तराखंड सरकार के पूर्व काबिना मंत्री एवं वर्तमान भाजपा विधायक अरविंद पांडेय के आवास से जुड़े भूमि अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके कैंप कार्यालय गूलरभोज पर नोटिस दिया गया है। यह कार्रवाई तहसील प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की गई है।

प्रशासन द्वारा जारी नोटिस के अनुसार ग्राम गुलरभोज, तहसील गदरपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर स्थित खसरा संख्या 64, रकबा 0. 158 हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण कर अवैध अतिक्रमण किया गया है। अभिलेखों के अनुसार यह भूमि नवीन परती श्रेणी की है, जिस पर अतिक्रमण अवैध रूप से पाया गया। नोटिस में उल्लेख है कि माननीय उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल में दायर याचिका संख्या 192/2024 (सुशील यादव बनाम उत्तराखंड सरकार) में पारित आदेश दिनांक 26 दिसंबर 2024 के अनुपालन में यह कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार संबंधित अतिक्रमण को हटाया जाना अनिवार्य है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नोटिस प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर यदि स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होगी।नोटिस चस्पा की कार्यवाही तहसीलदार लीना चंद्रा के नेतृत्व में की गई है। भाजपा सरकार में भाजपा के एक विधायक के खिलाफ की जा रही कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है ।

# बिना अधिकारियों के कैसे मुख्यमंत्री की परिकल्पना के मॉडल जिले में लगेंगे पखं?

**एसडीएम से डीएफओ तक कई जिम्मेवार अधिकारियों की कुर्सियां है खाली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राज्य सरकार भले ही चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए तमाम साधन व संसाधन जुटाती जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुसार मॉडल जिले में काम करने वाले अधिकारियों के हाथ कम पड़ते जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि प्रशासनिक ढांचे की रीढ़ माने जाने वाले कई प्रमुख पद रिक्त पड़े हैं, जिससे न केवल आम जनता के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं बल्कि अन्य अधिकारियों पर दोहरा भार भी पड़ता जा रहा है।

यह बात अलग है कि जिलाधिकारी के जनता दरबारों ने इस कमी को महसूस नहीं होने दिया है, लेकिन जिन रिक्त पदों का भार अन्य अधिकारियों को दिया गया है उन्हें कमर सीधी करने की फुर्सत नहीं मिल रही है। किसी भी तहसील के समुचित संचालन और विकास में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की भूमिका बेहद अहम होती है, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह जनपद की चार तहसीलों में से लोहाघाट और टनकपुर में एसडीएम के पद खाली चल रहे हैं। इसमे लोहाघाट तहसील का पद तो काफी समय से तथा मैदानी क्षेत्र की पूर्णागिरी तहसील में एसडीएम का पद इसी हफ्ते रिक्त हुआ है। इससे राजस्व, आपदा, कानून व्यवस्था और विकास से जुड़े कई कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है। जिलाधिकारी अपनी षक्विक एक्शनष की कार्य संस्कृति के कारण आम लोगों को तत्काल लाभ पहुंचाना चाहते है। भले ही कार्य निपट रहे है लेकिन इससे कार्य के भार से दबे अधिकारियों का दर्द भी समझना होगा। इतना ही नहीं, जिले में बीते चार माह से डीएफओ जैसे महत्वपूर्ण पद की तैनाती भी नहीं हो सकी है। इसका सीधा असर वन विभाग से जुड़ी योजनाओं और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। इसके अलावा खेल विभाग, पीआरडी, होमगार्ड्स और उद्योग विभाग जैसे अहम विभाग भी बिना मुखिया के ही संचालित हो रहे हैं।

अधिकारियों की इस कमी का खामियाजा सीधे तौर पर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगों के छोटे-बड़े कार्य लंबित पड़े हैं और मॉडल जिला की परिकल्पना अधिकारियों की कमी के चलते सवालों के घेरे में खड़ी नजर आ रही है। वहीं अधिकारियों की कमी को लेकर प्रशासन का कहना है कि कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं और खाली पदों पर शीघ्र तैनाती के लिए शासन एवं संबंधित निद. ेशालयों को पत्र भेजे जा चुके हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद में अधिकारियों की इस भारी कमी को कब तक दूर कर पाएंगे?

# बेबाक स्वच्छ व ईमानदार छवि का नेता हैं अरविन्द पाण्डेयः संधू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को कबड्डी संघ उत्तराखण्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता स. मेजर सिंह संधू ने गदरपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द पाण्डेय पर चौतरफा लग रहे कथित जमीन कब्जाने संबंधी आरोपों को एक राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए कहा कि अरविन्द पाण्डेय बेबाक, स्वच्छ व ईमानदार छवि का नेता है। पाण्डेय की बढ़ती लोकप्रियता को उनके विरोधी पचा नहीं पा रहे है और तरह-तरह की दूषित मानसि. कता से ग्रस्त होकर उनकी व उनके परिवार की छवि धूमिल करने पर उतारू है।



मेजर सिंह संधू ने कहा कि 2-3 दिन के अंतराल में कई-कई वर्षों पुराने मामलों का एकाएक उठना और उनमें पीड़ितों द्वारा बेवजह अरविन्द पाण्डेय का नाम घसीटा जाना संदेहास्पद है। उन्होंने कहा कि अरविन्द पाण्डेय का 30 वर्ष का राजनीतिक जीवन है। वह एक बार बाजपुर चेयरमैन, दो बार बाजपुर विधायक और निरंतर तीन बार से गदरपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री भी प्रदेशवा. सियों की सेवा कर चुके हैं। हम निरंतर पाण्डेय के साथ रहे है। पाण्डेय ने आज तक किसी की जमीन नहीं कब्जाई और न किसी को कब्जाने दी।

पाण्डेय हमेशा गरीब मजलूमों की आवाज बने और उन्हें उनका हक दिलवाया। संघर्षों से भरा अरविन्द पाण्डेय का राजनीतिक जीवन किसी से छिपा नहीं है। बेबाक व ईमानदार कार्यशैली का ही नतीजा है कि पाण्डेय देवभूमि उत्तराखण्ड के नागरिकों के दिलों में राज करते है और निरन्तर विजय पताका फहरा रहे है।

मेजर सिंह संधू ने स्पष्ट कहा है कि पार्टी के भीतर घुसे कुछ जयचंद 2027 में पाण्डेय का टिकट कटवाने के लिए तरह-तरह के कुचक्र रच रहे हैं। इन जयचंदों के कुचक्रों को पार्टी हाईकमान के समक्ष पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा।

# मड़मानले में जनसेवा शिविर आयोजित 700 लाभार्थी हुए लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत गाड़गांव, राजकीय इंटर कॉलेज मड़मानले, विकास खण्ड मूनाकोट, जनपद पिथौरागढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी द्वारा की गई।



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 77 जनप्रतिनिधि एवं 66 अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। लगभग 620 नागरिकों ने शिविर में प्रतिभाग किया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 700 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 59 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 14 शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायत राज, कृषक एवं कृषक कल्याण, उद्यान, समाज कल्याण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, आयुष, पशुपालन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम, आधार कैम्प, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, यूसीसी, पेयजल, शिक्षा विभाग सहित अनेक विभागों के स्टॉल लगाए गए।

शिविर के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आगामी शिविरों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शि. विर में स्वयं उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का अधिकतम निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित करें और पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से संतृप्त करें।

# नेपाल सीमा के अंतिम गांव तक पहुंची सरकार

**शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 560 को मिला लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नेपाल सीमा से सटे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र रौसाल में जिला प्रशासन द्वारा 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत एक वृहद जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीमावर्ती व दुर्गम क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उठाया।

शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने की। जिले के करीब दो दर्जन विभागों ने शिविर में स्टॉल लगाकर अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सा विभाग की ओर से एलोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जबकि अन्य विभागों ने प्रमाण पत्रों का वितरण, मौके पर दस्तावेज निर्माण और योजनाओं की जानक. ारी दी। शिविर से लगभग 560 लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने मौके पर ही कई जनसमस्याओं का निस्तारण किया और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में रौसाल क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा खुलकर रखी। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, सहकारिता, पंचायती राज, जिला पूर्ति, जिला उद्योग, पशुपालन, डेरी विकास सहित अनेक विभागों के अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के सफल संचालन में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर बोरा, सुभाष बगोली सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी रही।



शिविर के दौरान रौसाल गांव से आए बच्चों ने युवा कल्याण अधिकारी से क्रिकेट किट की मांग की, लेकिन उपलब्ध न होने से बच्चे निराश हो गए। बच्चों की भावनाओं को समझते हुए सतीश चंद्र पांडे ने अपनी ओर से क्रिकेट किट देने की घोषणा कर बच्चों की निराशा को खुशी में बदल दिया। इस अवसर पर बीडीओ केएस रावत ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया।

# ग्राम स्तरीय वनाधिकार समितियों की हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वन ग्राम नई बस्ती पूछड़ी, कालूसिद्ध एवं सुंदरखाल-देवीचौड़ा खत्ता में गठित ग्राम स्तरीय वनाधिकार समितियों द्वारा संयुक्त रूप से व्यापार भवन रामनगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वनाधिकार कानून-2006 की बारीकियों को समझना और इसके अंतर्गत सामुदायिक व व्यक्तिगत दावों को तैयार करने की प्रक्रिया पर चर्चा करना था।




कार्यशाला को संबोधित करते हुए वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी ने बताया कि दिसंबर 2005 से पूर्व वन भूमि पर निवास कर रहे सभी निवासी वनाधिकार कानून के तहत पात्र हैं। इस कानून के अंतर्गत वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने, चार हेक्टेयर तक की कब्जे वाली भूमि पर मालि. काना हक प्राप्त करने और वनों से अपनी निस्तारी जरूरतों को पूरा करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है।उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जनजाति के लिए दिसंबर 2005 से पूर्व का निवास ही पर्याप्त साक्ष्य है, जबकि अन्य परंपरागत वनवासियों के लिए तीन पीढ़ियों (लगभग 1980 से पूर्व) की मौजूदगी का साक्ष्य जरूरी है। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय परंपरागत निवासियों को उजाड़ने की कार्रवाई कर रहा है। समा. जवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में वनाधिकार के तहत लगभग 52 लाख दावों में से 48 प्रतिशत स्वीकार किए जा चुके हैं, लेकिन उत्तराखंड में लगभग 7 हजार दावों में से 3 प्रतिशत से भी कम स्वीकार होना राज्य सरकार की जन-विरोधी कार्यप्रणाली का प्रमाण है। इस दौरान खीम राम, प्रेम राम, नंदकिशोर, शांति मेहरा, अंजलि रावत, सत्य पटवाल, बालादित्य कांडपाल, उमाकांत, धना देवी, रीना, कशिश, लक्ष्मी, रजनी, सीमा, रोशनी और गोपाल लोधियाल सहित वन ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र शब्बू को उसके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उससे अपने व अपने परि. जनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा पुत्र शब्बू को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिवारजन का अपने पुत्र शब्बू से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**राजदा पत्नी स्व. श्री मुशब्बर**
**निवासी-वार्ड नं.-7, इस्लामनगर**
**तहसील व थाना- खटीमा**
**जिला उधमसिंह नगर**

# मानव वन्यजीव संघर्ष को लेकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग बैलपडाव रेंज के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय पवलगढ़ में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार थीम के तहत मानव वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से क्षेत्रों के निवासियों को जागरूक करने और मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओ की रोकथाम करने को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गाया। रेंजर विजेन्द्र अधिकारी ने बताया कि लगभग 80 क्षेत्रीय ग्रमीण, जनप्रति. निधि, ग्राम प्रधानो व विभाग के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें विभाग के कर्मचारियों द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के सम्बंध में स्थानीय ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

**एक नजर**

# सर्विस रोड निर्माण के चलते विद्युत पोलों की शिफ्टिंग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर की समस्त जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को देखते हुए एनएच-74 दोराहे पर प्रस्तावित सर्विस रोड का निर्माण कार्य अब गति पकड़ता नजर आ रहा है। भाजपा नेता गौरव शर्मा के अथक प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाया गया है। सर्विस रोड निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बीच में विद्युत पोल आ जाने के कारण कार्य बाधित हो गया था।



इस समस्या के समाधान के लिए भाजपा नेता गौरव शर्मा ने संबंधित विभागों से समन्वय कर करीब 60 से अधिक विद्युत पोलों के शिफ्टिंग कार्य को शुरू करवा दिया है। इसके साथ ही 100 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति तथा बाजपुर और दोराहे की ओर रोड साइन बोर्ड लगाने की भी मंजूरी प्राप्त कर ली गई है।मंगलवार को भाजपा नेता गौरव शर्मा ने एनएच अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर सर्विस रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर गौरव शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान सुशील सैनी (यूटिलिटी प्रोजेक्ट मैनेजर), संजीव चौहान, विनोद यादव, डॉ. विनय चौहान, सुरेंद्र शर्मा, मो. इरफान, शैलेश बिश्नोई, तुषार अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि सर्विस रोड का निर्माण पूरा होने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत चलाया यातायात जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को दृष्टिगत रखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व परिवहन विभाग उत्तराखंड के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह पर परिवहन विभाग द्वारा रुद्रपुर में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता सम्बन्धी 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक क्राइम निहारिका तोमर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन नवीन सिंह, यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार आर्या एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के अधिकारी सुमित जोशी द्वारा संयुक्त रूप से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से डीडी चौक होते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रुद्रपुर उधम सिंह नगर तक सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी बाईक रैली का आयोजन किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन नवीन सिंह का कहा कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में प्रत्येक आमजन को जागरूक करना है, जिससे हर व्यक्ति यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों और उनका पालन करे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक क्राइम निहारिका तोमर, सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन नवीन सिंह, परिवहन कर अधिकारी आनंद प्रकाश गुप्ता, आशुतोष डिमरी, मुकुल अग्रवाल, तारकेन्द्र वैष्णव परिवहन, उप निरिक्षक गोकुल सिंह, मनोज भंडारी परिवहन ,सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा, गणेश जोशी परिवहन आरक्षी रवि, डिंपल सिंह गौरव सिंह परिवहन चालक पूरन सिंह बिष्ट आदि सभी परिवहन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रॉपर्टी डीलर जशोधर भट्ट ने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुदी को गोली मार ली। जिसमें उनकी मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल की बैरिकेटिंग कर फॉरेसिंक टीम को मौके पर बुलाया है। इस घटना से नगर व क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसे भी घटना की जानकारी मिली वह मौके की ओर दौड़ पड़ा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।



कंजाबाग रोड स्थित 60 वर्षीय जशोधर भट्ट पुत्र प्रेम बल्लभ भट्ट प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उनका कंजाबाग में प्रेमजी नाम से एक अस्पताल भी है। मंगलवार को वह घर से सुबह बाइक पर सवार होकर अपने ऑफस जाने की बात कहकर निकले थे। इस बीच सुजिया गांव में नहर की पटरी से लगे नाले किनारे झाड़ियों में उनका खून से लथपथ अवस्था में शव पड़ा मिला। शव के पास उनकी बाइक खड़ी थी। साथ ही रिवॉल्वर भी शव के बगल में पड़ा था। यह देख वहां बकरी चरा रहे एक व्यक्ति ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान मंजू राना को दी। जिस पर प्रधान ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसआई किशोर पंत मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ है। मृतक की जेब में रखा मोबाइल बज रहा था। इस पर एसआई पंत ने मोबाइल पर आ रही कॉल को रिसीव किया तो उनके बेटे गौरव भट्ट की निकली। पुलिस के बात करने पर शव की शिनाख्त जशोधर भट्ट के रुप में हुई। एसआई पंत ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी, जिस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत, कोतवाल विजेंद्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की बैरिकेटिंग कर दी। सीओ रावत ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए रुद्रपुर से फॉरेसिंक टीम को बुलाया गया है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इधर मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटे गौरव भट्ट व पुत्री बबीता भट्ट को रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका बेटा दंत चिकित्सक है। जबकि बिटिया दिल्ली में फैशन डिजाईनिंग का कोर्स कर रही है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही भट्ट परिचित व अन्य लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

# उम्मीदवारों से स्पष्ट विजन और जवाबदेही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन ने उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव में उम्मीदवारों से स्पष्ट विजन और जवाबदेही की मांग की।उत्तराखंड बार काउंसिल के आगामी चुनाव अधिवक्ता समुदाय के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बार काउंसिल न केवल अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि उनके कल्याण, अनुशासन और पेश. ेवर गरिमा से जुड़े अहम निर्णय भी लेती है। रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन ने चुनावी प्रक्रिया में सभी उम्मीदवारों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती और पारदर्शिता का संकेत मिलता है। एसोसिएशन के अनुसार, कुल 104 उम्मीदवारों द्वारा 23 पदों के लिए आवेदन किया गया है, जो यह दर्शाता है कि अधिवक्ता समुदाय में नेतृत्व की आकांक्षा काफी अधिक है।

हालांकि, एसोसिएशन ने यह भी चिंता जताई है कि इनमें से केवल 10-12 उम्मीदवार ही ऐसे हैं जो अधिवक्ता कल्याण और पेशे से जुड़ी वास्तविक समस्याओं पर विचार कर रहे हैं। अधिकांश अन्य उम्मीदवार केवल औपचारिक रूप से वोट मांगने तक सीमित दिखाई दे रहे हैं।

# बैलपड़ाव में सरकार जन जन के द्वार

## धामी सरकार की जनकल्याणकारी पहल का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड कोटाबाग के न्याय पंचायत बैलपड़ाव स्थित सिंचाई डांक बंगला में एक बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने 215 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न सरक. ारी विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनसे जनता को विभागीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्य रूप से सिंचाई, जंगली जानवरों से फसल नुकसान, विद्युत, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और भूमि संबंधित समस्याओं की शिकायतें आईं। इस दौरान, आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कोटाबाग और चकलुवा में आधार केंद्र खोलने की मांग भी उठी, जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम रयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार, सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, पूरन चंद्र नैलवाल, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, अध्यक्ष नगर पालिका कालाढूंगी रेखा कत्यूरा, एसडीएम विपिन चन्द्र पंत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय जनता, विभागों के अधिक. ारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवसः परेड पूर्वाभ्यास में पुलिस कर्मियों ने दिखाया दम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने मंगलवार को भी परेड पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान एसएसपी ने परेड को बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश दिए। बता दें मंगलवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन परेड अभयास की तैयारियों में जुटा रहा। इस दौरान सशस्त्र पुलिस कर्मियों ने बैंड की धुन के साथ अभ्यास किया। इस दौरान एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने परेड का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नैनीताल पुलिस द्वारा पुलिस परेड का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए नैनीताल पुलिस मल्लीताल फ्लैट्स मैदान में पुलिस की ओर से पूर्वाभ्यास किया गया। बताया कि परेड का बारीकी से निरीक्षण कर परेड को भव्य बनाने के लिए अधीनस्थों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा व एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल मौजूद रहे।

## एक नजर

### सोनू बिष्ट बने व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष



**नैनीताल।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे द्वारा नैनीताल के युवा व्यवसायी सोनू बिष्ट को जिला उपाध्यक्ष नियुक्ति किया है। उनके मनोनय पर प्रदेश संगठन मंत्री रवैल सिंह आनंद, जिला संरक्षक जीत सिंह आनंद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश ढौंढियाल समेत किशन सिंह नेगी, मारुति नंदन साह सहित तमाम व्यापारियों ने बधाई दी है। मनोयन हुए जिला उपाध्यक्ष सोनू बिष्ट ने संगठन के हितों के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

### 260 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं में पूर्व दशम तथा दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसी भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि का भुगतान किया जाना है । बिष्टे के मुताबिक मंगलवार तक कुल 260 आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी और कुल 629 छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है।

### सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे ने कार्यभार संभाला



**नैनीताल।** नैनीताल जिले के नवागंतुक मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे द्वारा मंगलवार को भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल के पद पर अपना विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यवाहक ग्रहण के उपरांत उन्होंने विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी से उन्हें अवगत कराया। इससे पूर्व जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण पर विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी द्वारा उन्हें ग्रामय विकास विभाग सहित विकास से संबंधित विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया।

### लोनिवि ने बिडला रोड से हटाया अतिक्रमण

**नैनीताल।** नैनीताल की आंतरिक बिडला रोड के किनारे अतिक्रमण कर बनाई गई पार्किंग को जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) व लोनिवि की संयुक्त टीम ने मंगलवार को हटा दिया है। बता दें कि बीते दिनों कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने क्षेत्र का निरीक्षण कर अधीनस्थों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद लोनिवि अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो सड़क में ओल्ड ग्रुप कंपाउंड की ओर से सड़क किनारे चेन लगाकर पार्किंग निर्माण किया गया है। मंगलवार को लोनिवि सहायक अभियंता तुलाराम टमटा के नेतृत्व में लोनिवि व जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने मौके पर जाकर सड़क की नपाई की। इस बीच सड़क की चौड़ाई करीब चार मीटर मिली। ओल्ड ग्रुप कंपाउंड के दस्तावेज देखने के बाद लोनिवि ने पार्किंग को एक मीटर पीछे कर दिया। लोनिवि के सहायक अभियंता तुलाराम टमटा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद अब सड़क पांच मीटर चौड़ी हो जाएगी जिससे आसानी से यातायात संचालित हो सकेगा।

### वरिष्ठ चिकित्सक डा. जीपी साह नहीं रहे

**नैनीताल।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ चिकित्सक डा. जीपी साह का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने अपनी पत्नी प्रो. लता, पुत्री स्निग्धा और पुत्र डेरियस की मौजूदगी में सुबह 8 बजे अंतिम साँस ली। परि. जनों के मुताबिक वह पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे थे। इससे पूर्व एक कठिन और लंबी बीमारी से सफलतापूर्वक उबर कर वह पूरी तरह स्वस्थ हो गये थे और नैनीताल छावनी की कलीनिक में नियमित रूप से अपनी ड्यूटी देने लगे थे। मूलतः अल्मोड़ा के नंदादेवी के निवासी जीपी साह ईरान में काफी समय तक मेडिकल प्रैक्टिस करने के बाद 80 के दशक के प्रारंभ में नैनीताल आ गए थे। अपने पेशेवर दायित्वों से इतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे और अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे थे। डा. साह की अन्तिम यात्रा दोपहर एक बजे उनके आवास ऋतुराज होटल से प्रारंभ होगी। बाद में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। विधायक सरिता आर्य, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, पीआरओ रुचिर साह तथा कुमाऊं विवि के प्रो. महेंद्र सिंह राणा तथा प्रो.ललित तिवारी सहित विभिन्न संगठनों ने गहरा शोक व्यद्र किया है।

### पाले से सुबह व शाम को बढ़ी ठिठुरन

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में भले ही इन दिनों दिन में गुनगुनी धूप से राहत जरूर मिल रही है अलबत्ता रात्रि के समय में गिर रहे पाले की वजह से सुबह व शाम के समय काफी ठंड हो रही है। बता दें कि नगर में शाम होते ही पाला गिरना शुरु हो जा रहा है जिसकी वजह से सुबह के समय घरों की छतों की चादरें पूरी तरह से पाले से सफेद नजर आ रही है ऐसा लग रहा है मानों रात्रि के समय हल्का हिमपात हुआ हो। पाले के गिरने से नगर के कई मार्गों में फिसलन भी बढ़ गयी है। दूसरी ओर दिन भर गुनगुनी धूप से फिलहाल राहत मिल रही है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से दुर्व्यहार की निंदा

**बागेश्वर।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों पर हुए दुर्व्यहार, बदसलूकी और मारपीट की घटना पर संघर्ष वाहिनी ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज लोगों ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार और वहां की कानून व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है। बागनाथ मंदिर में शंकराचार्य को सनातन धर्म की रक्षा के लिए शक्ति मिले इसके लिए बागनाथ मंदिर में हवन किया। जिलाध्क्ष कवि जोशी ने कहा कि जब देश में सदियों से सनातन की रक्षा करने वाले शंकराचार्य धर्म गुरु और संत सुरक्षित नहीं हैं, उस देश में धर्म की रक्षा के लिए सनातन को मानने और पूजने वालों को सड़को पर आकर सबको जगाना पड़ेगा। संरक्षक रमेश पांडेय कृषक ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए महाउद्घोष किया गया है। बागनाथ के दरबार में आकर शिव से यही वरदान मांगती है कि शंकराचार्य को इतनी अधिक शक्ति दें कि शंकराचार्य उस राजनीतिक विचारधारा विशेष से सनातन की रक्षा कर सकें जो राजनीतिक विचारधारा अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए सनातन धर्म का सर्वनाश करने पर तुली हुई है। प्रवक्ता अंकुर उपाध्याय जिला प्रवक्ता ने कहा कि जहां पूरे विश्व में सदियों से सनातन की रक्षा धर्म गुरु शंकराचार्य कर रहे हैं, उस देश में संतों का ये अपमान अशोभनीय और निंदनीय है। इस मौके पर विजय परिहार, सुनील पांडे, प्रकाश वाछमी, महेश नगरकोटी, पंकज लोहनी, मनीष चौबे कोषाध्यक्ष छात्र संघ, दिव्यांशु कुमार आदि मौजूद थे।

# पैर फिसलने से खाई में गिरा युवक, मौत

## दोस्तों के साथ जंगल में चल रही थी पार्टी, रेस्क्यू अभियान चलाकर निकाला गया शव



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शहर के समीपवर्ती स्नोव्यू क्षेत्र में जंगल में दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा युवक असंतुलित होकर खाई में गिर गया। काफी आवाज लगाने के बाद भी खाई से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो दोस्तों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस, एसडीआरएफ, दमकल कर्मियों ने एक घंटे रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को खाई से बाहर निकाला। जिसे बीडी पांडे अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक ब्रेसाइड सात नंबर निवासी भुवन राम आर्या अपने छह दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए हिमालय दर्शन क्षेत्र गया था। जहां सभी दोस्तों ने मिलकर शराब पी। इस दौरान भुवन पहाड़ी से नीचे को लघुशंका करने लगा। नशा होने के कारण अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह खाई में गिर गया। दोस्तों ने टार्च लगाकर भुवन को काफी आवाज लगाई, लेकिन खाई से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जिसके बाद दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे व युवक की तलाश में खाई में उतरे। सूचना पर एसडीआरएफ व दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। काफी तलाशने के बाद युवक सड़क से करीब 70 मीटर नीचे घायल व बेसुध अवस्था में खाई में पड़ा हुआ मिला। जिसे करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सड़क तक लाकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद अस्पताल पहुंचे मृतक के स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक के दोस्तों द्वारा उसका पैर फिसलकर गिरने की जानकारी दी गई है।

### निहारिका का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की मेधावी खिलाड़ी निहारिका सिंह का चयन 22 जनवरी से 28 जनवरी तक इंफाल में होने जा रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के लिए उत्तराखण्ड अंडर-19 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिये हुआ है। निहारिका सिंह की इस अहम कामयाबी पर कालेज के मैनेजर विनय साह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत रश्मि पुरोहित, पुनम दूहन समेत क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दरम्वाल और कालेज परिवार ने उन्हें बधाई दी है। क्रीड़ा विभाग के फुटबॉल कोच भगवत मेर समेत सुनील कुमार तथा कमल बिष्ट एवं समस्त खेल प्रेमियों ने निहारिका को बधाई दी है और उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# एसटीएच में बुजुर्ग महिला के घुटने का सफल प्रत्यारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाएं घुटने में असहनीय दर्द एवं सिर में गंभीर चोट से पीड़ित एक बुजुर्ग महिला के लिए डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय वरदान साबित हुआ है। राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी के अस्थि रोग विभाग के प्रो. डा. गणेश सिंह धर्मशक्तू ने महिला के सिर में लगी गंभीर चोट के बावजूद सफलतापूर्वक घुटना प्रत्यारोपण कर मरीज एवं उसके परिजनों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। अस्थि रोग विभाग के प्रो. डा. गणेश सिंह एवं उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला धनी देवी, निवासी मुनस्यारी, का सफलतापूर्वक बाएं घुटने का प्रत्यारोपण किया गया। प्रो. डा. गणेश सिंह ने बताया कि उक्त महिला लंबे समय से बाएं घुटने में असहनीय दर्द से पीड़ित थी, जिसके कारण वह अपना पैर मोड़ने में भी असमर्थ थी। इसी समस्या को लेकर वह परिजनों के साथ डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय की अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में उपचार हेतु पहुँची। चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच एवं परीक्षण के उपरांत मरीज को घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। ऑपरेशन से पूर्व महिला घर पर गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। सिर की चोट के साथ घुटना प्रत्यारोपण को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए प्रो. डा. गणेश सिंह ने सफलतापूर्वक महिला के बाएं घुटने का प्रत्यारोपण किया। उन्होंने बताया कि डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में सिर की गंभीर चोट के साथ घुटना प्रत्यारोपण का यह पहला मामला है, जिसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह ऑपरेशन गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क किया गया। घुटना प्रत्यारोपण के बाद महिला अब चल-फिर रही है तथा मंगलवार को वह परिजनों के साथ परामर्श हेतु ओपीडी में पहुँची। मरीज का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर डा. जीएस तितियाल, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी ने अस्थि रोग विभाग के प्रो. डा. गणेश सिंह एवं पूरी चिकित्सकीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज, जिनका उपचार निजी चिकित्सालयों में कराना आर्थिक रूप से संभव नहीं है, उनके लिए डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय वरदान सिद्ध हो रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि चिकित्सक निरंतर नवीन तकनीकों का प्रयोग कर जटिल से जटिल शल्यक्रियाओं को सफलतापूर्वक कर रहे हैं, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों को लाभ मिल रहा है। इस सफल घुटना प्रत्यारोपण में अस्थि रोग विभाग, एनेस्थीसिया विभाग एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा।


# महिला फुटबॉल टीम की चयन प्रक्रिया शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के तत्वावधान में मंगलवार से कुमाऊँ विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, सरदार भगत सिंह कॉलेज रुद्रपुर, पीएनजी कॉलेज रामनगर तथा डीएसबी परिसर नैनीताल की टीमों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर परिश्रम तथा अनुशासन एवं लगन के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय की टीम को नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा बॉटनी के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया एवं उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। इस दौरान कुविवि के प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डा. संतोष कुमार ने जानकारी दी कि चयनित खिलाड़ी आगामी माह पंजाबी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित नॉर्थ ज़ोन महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में कुमाऊँ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व सन्तोष ट्राफी खिलाड़ी महेन्द्र सिंह फर्सवाण, डा. सुरेन्द्र सिंह, डा.राजेश कुमार, डा. अजय सिंह, डा. लोकेश पांडे, नवीन चंद्र जोशी, नरेन्द्र कुमार, अपूर्व बिष्ट, भगवत सिंह, भास्कर आर्या, अतुल कुमार, जीवन सिंह बिष्ट, अनीता रावत, महेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की वैकल्पिक व्यवस्था




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में आखिरकार दो दिनों के बाद हल्द्वानी से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ को बुलाया गया। मंगलवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ की उपस्थित के बाद मरीजों को काफी राहत मिली। बता दें कि नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ इन दिनों ट्रेनिग पर हैं। जिसके चलते निद. ेशक स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए बेस अस्पताल हल्द्वानी, गरमपानी व सितारगंज से चिकित्सकों की ड्यूटी बीडी पांडे अस्पताल में लगाई गई थी। लेकिन विभागीय आदेश के बावजूद शनिवार व सोमवार को चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंचे। जिसके चलते उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को घर वापस लौटना पड़ा था लेकिन मंगलवार को हल्द्वानी से डाक्टर पहुंचे तो मरीजों और प्रबन्धन ने राहत की सांस ली। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि किसी कारणवश दो दिन चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे लेकिन मंगलवार को चिकित्सक पहुंचे हैं अब आगे भी अस्पताल में लगातार चिकित्सक तैनात रहेंगे।

# समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपाई हेम आर्य ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी हेम चंद्र आर्य ने मंगलवार को नैनीताल विधान सभा के दूरस्थ गांव नाईशिला और बेल गांव का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पगुछ और फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हेम ने ठंड से बचाव के लिए ग्रामीणों को कंबलों का वितरण किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बीएसएनल का टावर तो लगा है मगर क्षेत्र में नेटवर्क नहीं आने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हाईस्कूल तक ही विद्यालय है उसके बाद उन्हें पढ़ने के लिए बच्चों को कालाढूंगी और हल्द्वानी स्थित इंटर कालेज तक जाना पड़ता है। समाजसेवी हेम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द वह इस विषय में मुखयमंत्री पुष्कर धामी और सांसद अजय भट्ट से वार्तालाप करेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जारी केंद्र और राज्य सरकार की जन योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती, ग्राम प्रधान बेल ललिता मलाड़ा, पूर्व बीडीसी मेंबर खीम सिंह तड़ागी समेत मनोहर सिंह, अमर सिंह, भुवन उप्रेती, ईश्वरी दत्त, दलीप व खीम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बायोमैट्रिक उपस्थिति पर भड़के गुरुजन

## डीएसबी परिसर के प्राध्यापकों की बैठक में उठे विरोध के स्वर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में मंगलवार को परिसर के प्राध्यापकों को एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें विश्व. विद्यालय की स्वायत्ता पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में तय किया गया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की स्थापना 1973 हुई तथा तब से ही विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने स्वायत्ता के कारण ही पद्म भूषण तथा पद्मश्री, एफएनए, एफएनए एससी तथा एफआरएससी तथा एफआरएसबी जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों को जीता तथा देश में विवि का नाम रोशन किया। बैठक में गुरुजनों ने कहा कि विश्वविद्यालय एक्ट तथा स्टेट ट्रूस्ट से चलते हैं। विश्वविद्यालय को स्वायत्ता बेहतर ज्ञान के सृजन तथा मानव संसाधन निर्माण के लिए दी गई। विश्वविद्यालय प्राध्यापक बायोमेट्रिक से उपस्थिति में असहयोग करेंगे जो नियम अनुकूल नहीं है। प्राध्यापकों ने कहा कि किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय में यह व्यवस्था लागू नहीं है तथा ऐसे नियमों को थोपने का वह विरोध करते हैं। प्राध्यापकों का यह भी कहना था कि हर माह में संविदा का सेवा विस्तार शासन द्वारा किया जा रहा है जो व्यहारिक नहीं है। बैठक में प्रो. एलएम जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वायत्ता बनी रहनी चाहिए जबकि प्रो. एमसी जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय की आत्मा है स्वायत्ता। बैठक का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। बैठक में प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल, प्रो. ज्योति जोशी तथा प्रो. लता पांडे ने भी विचार रखे। बैठक में यह तय हुआ कि प्राध्यापकों की उपस्थित धारित नियम से ही हो। इस संदर्भ कुलाधिपति, मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री, सांसद तथा विधायक, कुलपति तथा कुलसचिव तथा निद. ेशक को ज्ञापन भेजा गया है कि विश्वविद्यालय की स्वायत्ता बनी रहे जिससे ज्ञान का सृजन होता रहे। मोबाइल की उपयोग से बायोमेट्रिक उपयोग से डेटा की सेप्टी पर भी चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संख्या में प्राध्यापक उपस्थित रहे। बैठक में तय हुआ कि विश्वविद्यालय बचाओ आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।

### अनियंत्रित पिकअप सड़क से नीचे उतरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर रूसी के समीप अनियंत्रित पिकअप सड़क से नीचे उतर गई। गनीमत रही कि पिकअप पेड़ से टकराकर रुक गई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम नैनीताल से पिकअप यूके 04 सीसी 1901 हल्द्वानी की ओर को जा रही थी। पिकअप चील चक्कर मोड़ पर पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर रौंग साइड जाकर सड़क से नीचे उतर गई। गनीमत रही कि नीचे पेड़ होने के चलते पिकअप खाई में गिरने से रुक गई। सूचना के बाद तल्लीताल पुलिस मौके अपर पहुंची। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि पूछताछ में चालक पुष्कर सिंह ने बताया कि अनियंत्रित पिकअप सड़क से नीचे उतर गई थी। फिलहाल चालक को कोई चोट नहीं आई है।

# पाषाण देवी मंदिर में रामायण पाठ



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह में दूसरे दिन यानी मंगलवार को अखंड रामायण पाठ समेत विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसके चलते मंदिर परिसर समेत नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। समारोह समारोह के तहत बुधवार आज हवन समेत कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व मंगलवार को मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी व घनश्याम जोशी के संयोजकत्व में सुबह 9 बजे से गणेश पूजन, पंचागी कर्म, श्री पाषाणेश्वरी पूजन, श्री राम चंद्र जी परिवार का पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत हुई।

अपराह्न दो बजे भकतजनों को प्रसाद वितरित किया गया जबकि रात को सात बजे मंदिर परिसर में मां पाषाण देवी की विशेष पंच आरती हुई। दिन भर चले धार्मिक अनुष्ठानों में यजमान ब्रजेश श्रीवास्तव, राजू नारंग, गिरीश साह, एडी त्रिपाठी तथा अंबा दत्त तथा संजय वर्मा सप्तनिक शामिल हुए। इसके साथ ही पंडित प्रशांत जोशी, कमल पाठक, हिमांशु, जोशी, हर्षित जोशी, बसंत पांडे व मो. हित समेत प्रमोद सुयाल, अमित डालाकोटी, नवीन तिवारी, राजेश मिश्रा, गौरव जोशी, मोहित, आरुष, जिगर, राजेश, धीरज, गीता जोशी, कविता, विनीता, हेमा पंत, देवांश, मंजू रौतेला, रजनी चौधरी आदि भक्तजन कार्यक्रमों को सफल बनाने में भक्तिभाव से जुटे रहे। मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट के मुताबिक वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन यानी बुधवार आज सुबह 9 बजे से पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद दो बजे से श्री मां का समिष्ट भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा।

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय


भारतीय टीम का सांकेतिक फोटो

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक.ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइजी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाक़ी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख़्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।


## दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें.दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

- ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिग करना नामुमकि.न हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुई, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिटन प्लेयर बनीं। अपने करियर में, उन्होंने 24 इंटरनेशनल टाइटल जीते, जिसमें कई सुपर सीरीज क्राउन शामिल हैं, और 2015 में दुनिया की नंबर 1 रैंकिग पाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं


- बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं। आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गति.रोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश

- गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे



**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी - जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था - रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको.विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक.ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

## कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर



**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

## रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली।

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, 583-ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001
टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 1642/BRIDCUL-233/26 **NIT (Notice Inviting Tender)-2nd Call** Dated: 20/01/2026

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specifications, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/ submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ground Water Recharge Pit & Renovation Work at Registration Cum Transit Camp Rishikesh (Dehradun), Uttarakhand | 12.11 | 36500.00 | ₹ 5000/- + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **21.01.2026 to 03.02.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18%GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest **by 1500 hours on 03.02.2026 and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day** in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager**
**BRIDCUL**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़**

पत्रॉकः- 150/सिंखपि/निविदा/ दिनांक : 20/01/2026

**अति-अल्प कालीन निविदा सूचना संख्या-08/अ0अ0/2025-2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें उत्तराखण्ड, सिंचाई विभाग में निम्नानुसार वर्णित वर्गीकृत श्रेणी के वैध पंजीकृत अथवा उससे उच्च श्रेणी के ठेकेदारों से दिनॉक 07.02.2026 को अपरान्हः 12.30 बजे तक सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन उक्त कार्यालय में अपरान्हः 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी/नामित टैण्डर समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय में वगीकृत श्रेणी के वैध पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि पंजीकरण प्रमाण-पत्र की मूल प्रति/प्रमाणित प्रतिलिपि दिखाकर तथा निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य, जी0एस0टी0 कर की धनराशि सहित जमाकर निविदा प्रपत्र दिनॉक 06.02.2026 तक प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 11:00बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकते है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र/किसान विकासपत्र/डाकघर पासबुक/बेंको की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के मूल रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़ के पदनाम से बन्धक होगी, निविदा के साथ जमा करनी आवश्यक होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदाप्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रु0)18% | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड डीडीहाट में ग्राम-हडखोला के सेलपा गधेरे के किनारे बाढ़ सुरक्षा कार्य। | 0.58 | 1500+270 (GST) | 1 माह | श्रेणी "ई" अथवा उच्चतर |
| 2 | जनपदपिथौरागढ़ के विकास खण्डडीडीहाटमेंग्राम-दुर्लेख के गाडागॉवबस्ती की घटगाड़ से सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य। | 0.45 | 1500+270 (GST) | 1 माह | -तदैव- |
| 3 | जनपद-पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट में विधायक निधि के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बुसैल मे नदी किनारे भूकटाव रोकथाम हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 0.54 | 1500+270 (GST) | 2 माह | -तदैव- |
| 4 | जनपद-पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट में विधायक निधि के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेरा उर्फ बडौली मे सरयू नदी किनारे भूकटाव रोकथाम हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 0.54 | 1500+270 (GST) | 2 माह | -तदैव- |

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) (कोरपोरेट आईडी नं. U40109UR2001SGC025867/2358) विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्याः 91-135-2763672-76, फैक्सः 91-135-2760289 वेबसाइटः www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत हैं-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर i.e. 2022-2023, 2023-2024 & 2024-2025 (₹में) | धरोहर राशि (₹में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एव समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टे सैट जी आई 16x1800mm | सी.सी.पी.-I/ 23/2025-2026 | 1,25,000 नग | 8,63,91,250.00 | 12,95,87,000.00 | 17,28,000.00 | 23,600.00 | 29.1.2026 को 12:00 बजे | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 15:30 बजे |
| 2 | स्टे सैट जी आई 20x1800mm | सी.सी.पी.-I/ 24/2025-2026 | 20,000 नग | 1,44,05,000.00 | 2,88,10,000.00 | 2,89,000.00 | 11,800.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 15:45 बजे |
| 3 | वी टाईप क्रास आर्म एंगल 65x65x6mm 11के०वी० | सी.सी.पी.-I/ 25/2025-2026 | 20,000 नग | 1,23,17,600.00 | 3,05,46,000.00 | 3,06,000.00 | 11,800.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 16:00 बजे |
| 4 | वी टाईप क्रास आर्म चैनल 100x50mm 33के०वी० | | 2,500 नग | 29,55,200.00 | | | | | | |
| 5 | डिस्क फीटिंग (बी एण्ड एस टाईप) रैविट/वीजल 45 के०एन० | सी.सी.पी.-I/ 26/2025-2026 | 20,000 नग | 87,42,000.00 | 1,74,84,000.00 | 27,15,000.00 | 5,900.00 | | 9.2.2026 को 17:00 बजे तक | 10.2.2026 को 16:15 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।
No.: 62/1/EE(cm)UPCL/A-2 Dt.: 20.01.2026
अधीक्षण अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएें'
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

# तहसील दिवस में अफसरों ने सुनी लोगों की जन समस्याएं

## लक्सर में 20 शिकायतों में से 10 का किया समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील परिसर में आज 'तहसील दिवस' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपे। प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के समाधान हेतु अपनाए गए सख्त रुख के चलते कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। मौके पर हुआ 10 शिकायतों का समाधान एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया कि आज तहसील दिवस में अब तक कुल 20 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 10 समस्याओं का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तुरंत राहत मिली। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उन्हें 'टाइम बाउंड' (निर्धारित समय सीमा) के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।लंबित शिकायतों के लिए टीम गठित पिछले तहसील दिवस की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने कहा कि पिछली बार की 03 शिकायतें अभी लंबित थीं, जिनके समाधान के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इन पुरानी शिकायतों



का भी निस्तारण करा दिया जाएगा। प्रशासन की प्राथमिकता उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि तहसील दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को बिना किसी देरी के हल करना है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जो भी शिकायतें उन्हें भेजी जा रही हैं, उन पर स्थलीय निरीक्षण कर पारदर्शिता के साथ कार्यवाही की जाए ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

## भगवानपुर में 45 समस्याओं में से 11 का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, तहसील दिवस में 35 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, तथा बाकी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए, तहसील दिवस में सबसे अधिक पैमाइश संबंधी शिकायतें ही प्राप्त हो पाई

मंगलवार को उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिला अधिकारी ने पिछली तहसील दिवस की शिकायतों की समीक्षा की, इसके बाद ग्रामीणों द्वारा आई शिकायतों को सुना गया, जिसमें मसूद निवासी सिकरौढा द्वारा पेड़ों के अवैध कटान की शिकायत, शादाब निवासी सिकरोडा खेल का मैदान बनवाये जाने, सोमपाल निवासी हकीमपुर जल जीवन मिशन का कार्य कराय जाने, बाला निवासी सिकरोढा खेत की पमाईस कराये जाने, सुखबीर निवासी मानक मजरा खेत की पमाईस कराये जाने, विजय कुमार निवासी चुड़ियाला अवैध कब्जे हटवाए जाने, राजा राम निवासी हाल्लुमजरा खेत की पमाईस कराये जाने , अनुज कुमार निवासी नौकर ग्रंट पमाईस कराये जाने, सुधीर निवासी मंडावर अतिक्रमण हटाए जाने, आदिल राणा निवासी खेड़ी शिकोहपुर बिजली के पोल हटवाये जाने संबंधित



शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 35 शिकायतें पहुंच पाई है। जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया । साथ ही उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि तहसील दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण कराए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर किये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। तहसील दिवस में तहसीलदार दयाराम, नायब तहसीलदार जयकर्त सिंह रावत, सजल हटवाल, राजस्व निरीक्षक संजय कुमार ,उद्यान विभाग से सचिन राठी, नलकूप से शोभित , अभिषेक शिक्षा विभाग, गौरव नागर सहकारीता समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद भी रहे।

### सीईआईआर पोर्टल आमजन के लिए साबित हो रहा है वरदान

## खानपुर पुलिस ने खोये मोबाइल मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/खानपुर।** मोबाइल खोने के बाद मायूस हो चुके आम नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान लौटाने का काम थाना खानपुर पुलिस ने कर दिखाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के कुशल निर्देशन में चल रहे "ऑपरेशन रिकवरी" के अंतर्गत थाना खानपुर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के कुल 07 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित बाजार कीमत घ01 लाख से अधिक बताई जा रही है।

इस अवसर पर थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी ने कहा कि "मोबाइल आज केवल संचार का साधन नहीं बल्कि व्यक्ति के निजी और आवश्यक दस्तावेजों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। ऐसे में मोबाइल खोना आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। ब्म्प् पोर्टल की मदद से थाना खानपुर पुलिस लगातार लोगों की सहायता कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस जहां एक ओर अपराध एवं नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्य कर



जनता का विश्वास भी अर्जित कर रही है। थाना खानपुर पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों से ट्रेस कर ये मोबाइल फोन बरामद किए। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए राहत की सांस ली और थाना खानपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि थाना खानपुर पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष में ब्म्प् पोर्टल व अन्य माध्यमों से कुल 17 मोबाइल फोन, जिनकी बाजार कीमत लगभग घ03 लाख आंकी गई है, बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए जा चुके हैं। इस सफल अभियान में शामिल पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी सुश्री नताशा सिंह, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी, मंसूर अली, हे0का0 अमित कुमार, म0का0 रीतू शामिल रहे। थाना खानपुर पुलिस की यह कार्यवाही न केवल तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि हरिद्वार पुलिस आमजन की छोटी-बड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सेवा, सुरक्षा और विश्वास के संकल्प पर निरंतर आगे बढ़ रही है।

## अनुशासनहीनता के चलते लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चौकी क्षेत्र के थिथौला गांव में पुलिस द्वारा गत माह तेल चोरी को लेकर की कार्रवाई की गाज उप निरीक्षक महिपाल सैनी पर गिरी है। एसएसपी ने उपनिरीक्षक महिपाल सैनी को अनुशासनहीनता व पुलिस की छवि खराब करने के आरोप में लाइन हाजिर कर मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए है। फिलहाल लोगों की निगाह लंढौरा पुलिस चौकी पर आने वाले नए प्रभारी पर टिकी हुई है।

4 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर लंढौरा पुलिस व आपूर्ति विभाग की टीम ने थिथौला गांव में एक पार्किंग में छापेमारी कर एक तेल टैंकर 400 लीटर तेल व तेल चोरी के उपकरण बरामद किए थे। हालांकि छापेमारी के दौरान तेल कारोबारी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा की तहरीर पर बाबर पुत्र जमशेद के खिलाफ तेल चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। बताया गया है कि थिथौला गांव के कुछ लोगों ने एसएसपी प्रमेंद्र कुमार डोभाल से मुलाकात कर लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल सैनी पर बाबर के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने तथा मामले को रफा दफा करने की एवज में रुपयों की मांग करने का आरोप लगाते हुए मौके के विडियो फुटेज भी उपलब्ध कराए है। फिलहाल एसएसपी ने उपनिरीक्षक महिपाल सैनी को अनुशासनहीनता व विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में लंढौरा पुलिस चौकी से हटाकर पुलिस लाइन रोशनाबाद भेज दिया है। वही एसएसपी द्वारा चौकी प्रभारी के खिलाफ की कार्रवाई को लेकर पुलिस विभाग में हडकंप मचा हुआ है।

## घर में घुसकर महिला से अभद्रता पर आरोपियों को 2 वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सिविल जज न्याय मजिस्ट्रेट लक्सर अनुराग त्रिपाठी की अदालत ने घर में घुसकर महिला की लज्जा भंग करने के आरोप में दो व्यक्तियों को 2 साल की साधारण कारावास व 1000 अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

प्रभारी अभियोजन अधिकारी कपिल पंत ने बताया कि 15 अप्रैल 2015 को मुंडा खेड़ा का रहने वाला वादी लाल सिंह अपने खेत में गया हुआ था घर पर दो लड़की बूढी दादी मौजूद थी तभी वहां पर करीब 2:00 बजे दो लड़के गुरचरण पुत्र सुरेश शुभम पुत्र पप्पू आए और बुढी से पूछा कि घर पर कौन-कौन है उस वक्त घर पर कोई आदमी नहीं था जिसमें एक लड़की नहा रही थी और कपड़े गेट पर टांग रखे थे तभी यह दोनों ऊपर से देखने लगे और कपड़े उठाकर अश्लील गाली देते हुए वहां से निकल लिए तभी वहां पर लड़की के चाचा का लड़का सागर पुत्र अरविंद आया और दोनों लड़कों को पकड़ने लगा वह उसे धक्का देकर वहां से फरार हो गए जिसमें संबंधित मुकदमा परिजनों के द्वारा दर्ज कराया गया इस मामले की परोकारी सहायक अभियोजन अधिकारी कपिल पंथ के द्वारा की गई जिसमें संबंधित धारा में 2 वर्ष साधारण कारावास घ500 अर्थ दंड दूसरे संबंधित मामले में एक वर्ष की साधारण कारावास घ500 अर्थ दंड सजा सुनाई गई जिस वक्त न्यायालय का डंडा चलता है अच्छे-अच्छो की अकल दुरुस्त हो जाती है यह जो आवारा गर्दी करते हुए गांव में घूमते हैं उनके लिए एक नजीर बन रही है।

### डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

## प्रवीण मेहंदीरत्ता अध्यक्ष व सौरभ गोयल बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के व्यापारिक हितों की रक्षा और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को नई दिशा देने के संकल्प के साथ 'डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ऑफ रुड़की' की बैठक में द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रवीण मेंहदीरत्ता को अध्यक्ष व सौरभ गोयल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथी अन्य पदों पर भी नियुक्ति की गई।

रामनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक अंजेश अग्रवाल की देखरेख में कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक अंजेश अग्रवाल,अध्यक्ष प्रवीण मेहंदीरत्ता,उपाध्यक्ष मनीष साहनी व किरण सेठी,सचिव सौरभ गोयल, कोषाध्यक्ष रवि खंडेलवाल, संयुक्त सचिव हेमंत जुल्का,सलाहकार प्रिंस लखानी व सुनील गुलाटी,मीडिया प्रभारी अभिषेक गर्ग,कार्यक्रम समन्वयक मनीष नारंग को नियुक्त किया गया। संरक्षक अंजेश अग्रवाल ने कहा डिस्ट्रीब्यूटर्स की समस्याओं का ठोस समाधान होगा। बैठक के दौरान डिस्ट्रीब्यूटर्स के सामने आ रही गंभीर चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण मेहंदीरत्ता ने कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने कहा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से मिल रही चुनौतियों के बीच डिस्ट्रीब्यूटर्स के प्रॉफिट मार्जिन को सुरक्षित रखने के लिए कंपनियों से



वार्ता की जाएगी। कंपनियों में फंसे हुए एक्सपायरी और डैमेज क्लेम को समयबद्ध तरीके से सेटल कराने और बाजार में रुकी हुई उधारी के लिए संगठन एक सशक्त सेल के रूप में कार्य करेगा। जीएसटी और अन्य सरकारी विभागों से संबंधित जटिलताओं को सुलझाने के लिए शासन-प्रशासन के साथ मजबूती से पैरवी की जाएगी।ष्एक मंच, एक आवाजष का मिशन बदलते व्यापारिक परिवेश में सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स का एक मंच पर आना अनिवार्य है। वहीं, नवनियुक्त सचिव सौरभ गोयल ने कहा, षडिस्ट्रीब्यूटर व्यापार की वह महत्वपूर्ण कड़ी है जो उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़ती है। अब रुड़की का डिस्ट्रीब्यूटर अकेला नहीं है; संगठन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। बैठक के समापन पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया और मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय गुलाटी, विशाल, अम्बुज, पीयूष गर्ग, पीयूष सैनी, अभिषेक, अजय चौधरी, सनी नारंग और श्याम बत्रा सहित भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी और डिस्ट्रीब्यूटर्स उपस्थित रहे।

## कार में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजेंद्र नगर में एक कार में आग लगने से अफरातफरी मच गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

शाम करीब पांच बजे फायर स्टेशन रुड़की को सूचना प्राप्त हुई। जिसमें बताया गया था कि राजेंद्र नगर कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में एक स्कोडा कार में आग लगी है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय व्यक्तियों के सहयोग से फायर एक्सटिंग्विशर व पानी डालकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया एवं आग को फैलने से भी रोका आग डीजल टैंक की ओर बढ़ने से रोका आग से कार का अगला भाग वायरिंग आदि सामान जल गया। अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है कार स्वामी नवीन पुत्र रणजीत सिंह निवासी राजेंद्र नगर द्वारा बताया कि बोनट में अचानक शाट सर्किट होने से आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड की टीम मे लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा,चालक नरेंद्र सिंह तोमर, फायरमैन जगवीर सिंह फायरमैन सुनील कुमार बंदोलिया शामिल रहे।

## प्रतियोगिता में नाजिया व नसरीन का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ब्लॉक स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, बी0आर0सी0 नारसन मंगलौर पर किया गया। प्रतियोगता का शुभारम्भ प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी शाने करीम सिद्दीकी ने किया।इस अवसर पर शाने करीम सिद्दीकी ने कहा कि आधुनिक युग विज्ञान का युग है, सभी बच्चों को अपने अंदर वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिये, बिना विज्ञान के हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। बी0आर0पी0 जगमोहन राणा ने व्यवस्था संभाली। जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय न03 मंगलौर की नाजिया और समरीन की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडलाना के लईक व रिहान की टीम दूसरे नंबर पर, व उच्च प्राथमिक विद्यालय बस्वाखेड़ी के आर्यन व विनीत की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता में हाई स्कूल,किला मंगलौर के अलिश व कन्हैया प्रथम स्थान पर रहे, हाई स्कूल बसवा



खेड़ी के दिशु व निखिल, दूसरे स्थान पर रहे, व राज0कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानक चौक के निखिल व अदीब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में वसीम अहमद, आदर्श वीर भारद्वाज,अरुण कुमार,आलोक सिंह,नेहा परवीन,अब्दुल कादिर,मीनाक्षी,अमिता सैनी,विशाल,पूनम सिंह,सुलोचना वर्मा,चंद्र शेखर,अनिल कुमार,नरेश भंडारी,डोली सैनी,वफा रानी, आदि ने प्रमुख सहयोग किया।

## बेरोजगारों के हक पर डाका डाल रहा दुग्ध संघ : विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सिंह सैनी ने हरिद्वार दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (आंचल) द्वारा निकाले गए मिल्क बूथों के टेंडर को बेरोजगार युवाओं के खिलाफ एक बड़ी साजिश करार दिया है। मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने विभाग को चेतावनी दी कि यदि इन टेंडरों को तत्काल निरस्त नहीं किया गया, तो संगठन सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेगा। नीतियों के नाम पर युवाओं का आर्थिक शोषणघ्पत्रकारों को संबोधित करते हुए विकास सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक कल्याणकारी योजना लागू की गई थी। इसके तहत युवाओं को 'फ्री ऑफ कॉस्ट' (बिना किराए के) बूथ उपलब्ध कराए गए थे और मात्र घ30,000 की सुरक्षा राशि जमा की गई थी। घ्उन्होंने आरोप लगाया कि अब दुग्ध संघ नई नीतियों की आड़ में युवाओं का शोषण कर रहा है। नए टेंडर में सुरक्षा राशि को बढ़ाकर 75,000 और मासिक किराया 5,000 कर दिया गया है।

### इकबालपुर शुगर मिल के कर्मचारियों का वेतन न मिलने पर

## भाकियू का अनिश्चित कालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में मंगलवार को 22वें दिन भी शुगर मिल कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर निश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा ।कर्मचारी का कहना है कि जब तक वेतन नहीं मिलता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मंगलवार को धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता भारतीय किसान रोड द्वारा की गई। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत है कर्मचारियों को 16 माह से वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार 16 माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा शासन प्रशासन के अधिकारियों से भी वेतन दिलाने की मांग की गई। हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शुगर मिल में रखा शीरा बेचकर वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है कि शुगर मिल प्रबंधन उन्हें लगातार आश्वासन देकर उनकी अनदेखी कर रहा है। वर्तमान सत्र में शुगर मिल में गन्ने की पेराई भी नहीं हुई है ।जिससे शुगर मिल में लगी मशीनो को भी जंग लग जाने से उनकी स्थिति भी खराब होने के कगार पर है ।भारतीय किसान यूनियन



रोड प्रदेश अध्यक्ष सचिन टोडा का कहना है कि इकबालपुर शुगर मिल प्रबंधन तथा प्रशासनिक अधिकारी जब तक शुगर मिल कर्मचारियों का वेतन नहीं दे देते वह कंधे से कंधा मिलाकर शुगर मिल कर्मचारियों के साथ धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन रोड प्रदेश अध्यक्ष सचिन तोड़ा राजवीर सिंह मुबारक अली रविंद्र कुमार मेहता सिंह नवीन सैनी सत्येंद्र कुमार परवेज मैदान राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एसडीपीसी कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का दिल्ली रोड मोहम्मदपुर में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ रामराज द्वारा संपन्न हवन-यज्ञ एवं वैदिक पूजन के साथ हुआ। शिविर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गर्ग के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान के कुशल निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीनियर एसआई मनसा नेगी ने स्वयंसेवी छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे एक अनुशासित, जागरूक और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनें।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा गर्ग ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक जीवंत प्रक्रिया है। यह छात्राओं को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर समाज की जमीनी हकीकत और समस्याओं से जोड़ती है।वहीं महाविद्यालय गुणवत्ता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. भारती शर्मा ने 'स्वयं से पहले आप' के ध्येय वाक्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सच्ची सेवा वही है जहाँ व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर




उठकर समाज हित को प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन नगर निगम रुड़की के सहयोग से 'प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)' पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विस्तार से ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी देंगे। घ्इस अवसर पर नागेंद्र ट्रस्ट के डायरेक्टर पियूष गर्ग, नगर निगम से सुश्री प्रियंका सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं स्वयंसेवी छात्राएं उपस्थित रही।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रृंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगैन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।



**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस

इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।

# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति



■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर

और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना




■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है

■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ ज़मीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

## बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन


**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कह रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते

हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराई

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव




■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।

